www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–174 । सागर, शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

कलेक्टर ने चिकित्सकों की ली क्लास, दिए निर्देश पृष्ठ 3
▪ हिंसा की संक्रामक प्रक्रिया को रोकने में हो सकती है डाक्टरों की भूमिका पृष्ठ 4
▪ स्वनिर्मित रॉकेट लांच करना चाहता है प्रतिभाशाली युवा प्रखर 6
संत रविदास ने भारतीय संस्कृति और समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया : शिवराज 8

विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा, मोदी ने साधा निशाना

# ये इंडिया नहीं, घमंडिया गठबंधन है

▪ प्रधयानमंत्री ने 2 घंटे 12 मिनट दिया भाषण, विपक्ष से बोले- 2028 में अच्छी तैयारी के साथ आना
▪ मोदी के भाषण के दौरान विपक्ष ने किया बहिर्गमन





**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तरफ से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को लोकसभा में गिर गया। ये अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिरा है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बोलने के दौरान ही विपक्षी पार्टियों ने वॉकआउट कर दिया था।

विपक्ष का कहना था कि करीब दो घंटे तक बोलने के बाद भी पीएम मोदी ने मणिपुर का जिक्र नहीं किया। हालांकि पीएम मोदी ने भाषण के आखिरी हिस्सों में मणिपुर पर विस्तृत बयान दिए। मोदी ने 2 घंटे 12 मिनट का भाषण दिया, जिसमें वे मणिपुर पर 1 घंटे 52 मिनट बाद बोले। बड़ी बात ये कि जब प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर बात शुरू की।

प्रधानमंत्री ने ये भी कहा- यूपीए को लगता है कि देश के नाम का इस्तेमाल कर विश्वसनीयता बढ़ाई जा सकती है। ये इंडिया गठबंधन नहीं है। ये घमंडिया गठबंधन है। इसकी बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है। सबको प्रधानमंत्री बनना है। प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 2018 में मैंने नेता सदन के नाते उनको (विपक्ष) काम दिया था कि 2023 में वो अविश्वास प्रस्ताव लाएं। अब 2028 में लाने का काम उनको दे रहा हूं, लेकिन कम से कम थोड़ी तैयारी करके आएं। ताकि जनता को लगे कि कम से कम वो विपक्ष के लायक है।'

## भारत की उपलब्धियों पर विपक्ष को अविश्वास

पिछले 5 साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। आईएमएफ लिखता है कि भारत ने अति गरीबी को करीब-करीब खत्म कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है जल जीवन के जरिए 4 लाख लोगों की जान बच रही है। यूनीसेफ ने कहा कि स्वच्छ भारत के कारण हर साल गरीबों के 50 हजार रुपए बच रहे हैं। इन उपलब्धियों पर कांग्रेस समेत विपक्ष के कुछ दलों को अविश्वास है। जो सच्चाई दुनिया दूर से देख रही है, वो यहां रहकर नहीं देख पा रहे हैं।

## आपके लिए राजनीति प्राथमिकता

विपक्ष के प्रस्ताव पर 3 दिनों से यहां काफी चर्चा हुई है। अच्छा होता कि सत्र की शुरुआत के बाद से ही विपक्ष गंभीरता के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेता। बीते दिनों इसी सदन ने और दोनों सदनों ने जनविश्वास बिल, मेडिकल बिल, डेंटल कमीशन बिल जैसे कई महत्वपूर्ण बिल यहां पारित किए। लेकिन आपके लिए राजनीति प्राथमिकता है। देश की जनता ने जिस काम के लिए उन्हें यहां भेजा, उस जनता से भी विश्वासघात किया गया है।

## मोदी को कांग्रेस का डर सताता है



कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वॉकआउट करने को लेकर कहा,मणिपुर के मुद्दे पर आज भी पीएम 'नीरव' ही बने रहे। 'नीरव' रहने के चलते मैंने सोचा कि नया नीरव मोदी देखने का क्या फायदा। इनके दरबारी सारी बात कह चुके हैं। पीएम मोदी जो दोहराते हैं वो ही बात उनके दरबारी कह चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी को कांग्रेस का डर सताता है।

## अधीर रंजन लोकसभा से निलंबित

अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित करते हुए उनका मामला सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया है। सदन में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने के बाद लोकसभा स्पीकर बिरला ने अधीर रंजन चौधरी द्वारा सदन में लगातार किये जा रहे व्यवहार की जांच का मामला सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेजते हुए कमेटी की रिपोर्ट आने तक उन्हें सदन ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

विपक्षी सांसदों ने किया विरोध, हंगामा

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल राज्यसभा में पेश

जबरदस्त हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जबरदस्त हंगामे के बीच राज्यसभा में गुरूवार को मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश किया गया। इसके विरोध में विपक्षी सांसदों ने जबरदस्त नारेबाजी की। इस दौरान इंडिया गठबंधन से जुड़े विपक्ष के अधिकांश सांसद सभापति के आसन के निकट वेल में आ गए। सदन की कार्यवाही के लिए नियम पुस्तिका दिखा रहे कुछ सांसदों ने इस दौरान सभापति के आसन तक पहुंचने की भी कोशिश की। हालांकि, इन सांसदों को रोकने के लिए तुरंत ही गार्ड तैनात कर किए गए, ताकि विरोध जता रहे सांसद सभापति के आसन तक न पहुंच सके। राज्यसभा में हुए इस जबरदस्त हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, सपा व आरजेडी समेत इंडिया गठबंधन के दल इस विधेयक के खिलाफ हैं। विपक्ष के सांसदों रणदीप सिंह सुरजेवाला, जॉन बिटास, प्रियंका चतुर्वेदी का कहना है कि सरकार द्वारा लाए जा रहे इस बिल का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट के मार्च 2023 के फैसले को कमजोर करना है।

## मुख्य न्यायाधीश की भूमिका नहीं होगी

इसी वर्ष मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि चुनाव आयुक्तों का चयन राष्ट्रपति द्वारा ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

केंद्र पर कांग्रेस का बड़ा हमला

## आयोग को कठपुतली बनाने की कोशिश



कांग्रेस पार्टी ने राज्यसभा में पेश मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त (सेवा की नियुक्ति शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी का आरोप है कि इस विधेयक के जरिए चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का जबर्दस्त प्रयास हो रहा है। यह नया कानून मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से भारत के मुख्य न्यायधीश को बाहर कर देगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ट्वीटकर कहा, चुनाव ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

## सार-समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में क्यूआर कोड आधारित ई-पास से मिलेगा प्रवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को 'सुस्वागतम' नामक एक पोर्टल लॉन्च किया, जहां अधिवक्ता, वादी और अन्य नागरिक सुप्रीम कोर्ट में प्रवेश के लिए क्यूआर कोड-आधारित ई-पास का अनुरोध कर सकते हैं। वेब-आधारित पोर्टल और मोबाइल-अनुकूल एप्लिकेशन वादियों और अन्य सभी को लंबी कतारों से बचाएगा, और शीर्ष अदालत में उन्हें पेपरलेस प्रवेश की सुविधा देगा। उपयोगकर्ता शीर्ष अदालत परिसर के प्रवेश और निकास द्वार पर अपने ईपास के क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं।

### जम्मू-कश्मीर में लश्कर आतंकियों के 3 सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू एवं कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में सेना के साथ मिलकर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने कहा, चुरुंडा उरी में संयुक्त गश्त और अभ्यास के दौरान, बारामूला पुलिस और सेना (16 सिखली) की एक संयुक्त टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा, जिसने गश्ती दल को देखकर भागने का प्रयास किया। लेकिन संदिग्ध को पकड़ लिया गया।

### अमृतसर से 12 किग्रा हेरोइन बरामद, 3 तस्कर दबोचे

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने तीन नशा-तस्करों को काबू करके और उनके पास से 12 किलो हेरोइन बरामद करके सरहद पार से चलाए जा रहे नशा-तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान भिन्दर सिंह उर्फ भिन्दा निवासी गांव दाउके, घरिंडा, अमृतसर; दिलबाग सिंह उर्फ मनु गाँव रजातल, घरिंडा, अमृतसर और मनीपाल सिंह उर्फ मनी निवासी गांव छीना शबाजपुर राजा सांसी, अमृतसर के रूप में हुई है।

### माओवादियों का टॉप लीडर प्रमोद मिश्र गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** भाकपा माओवादी संगठन के पोलित ब्यूरो मेंबर और टॉप लीडर्स में से एक प्रमोद मिश्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसपर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश में नक्सली वारदातों के दर्जनों मामले दर्ज हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा सहित कई राज्यो में नक्सली संगठनों के विस्तार में उसका अहम रोल रहा है। उसने झारखंड-बिहार की सीमा पर गया जिले में किसी ठिकाने पर पनाह ले रखी थी। इसके कुछ महीने पहले तक वह झारखंड के सारंडा इलाके में सक्रिय था।

### असम में चाय बागान से 18 फीट लंबा अजगर रेस्क्यू

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के नगांव जिले में गुरुवार को एक चाय बागान से स्थानीय लोगों ने 18 फीट लंबे अजगर को बचाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बालिजुरी चाय बागान में स्थानीय लोगों ने विशाल अजगर को देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत वन अधिकारियों और पर्यावरणविदों को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद वन अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से अजगर को बचाया। बाद में अजगर को नगांव के सुआंग रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में छोड़ दिया गया।

### ओमान में फंसे झारखंड के 6 मजदूर, वापसी की लगाई गुहार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के छह मजदूर ओमान की राजधानी मस्कट में फंस गये हैं। वहां वे दाने-दाने को मोहताज हैं। इन मजदूरों ने वतन वापसी की गुहार सरकार से लगाई है। ये लोग राज्य के गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग के रहने वाले हैं। ये 22 दिसंबर 2022 को मोबाइल टावर लगाने वाली कंपनी में काम करने ओमान गये थे। यहां कंपनी ने दो महीने का वेतन दिया। इसके बाद उनसे जबरन काम कराया जा रहा है, लेकिन बीते पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। इससे इनकी परेशानी बढ़ती जा रही है।

# मणिपुर में एक और दुष्कर्म की भयावहता सामने आई

## 37 वर्षीय विवाहिता ने शिकायत दर्ज कराई

**इम्फाल, एजेंसी।** जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में बलात्कार और यातना का एक और भयावह मामला सामने आया है।

अब एक राहत शिविर में रह रही पीड़िता ने पुलिस में एक विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें 3 मई को घटित अपराध का खुलासा किया गया है। इस 37 वर्षीय विवाहिता ने अपनी शिकायत में कहा, पांच-छह लोगों ने मुझे पकड़ लिया और गाली देना तथा मारना-पीटना शुरू कर दिया। मेरे विरोध के ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

## मणिपुर मुद्दे पर भाजपा सरकार से एमएनएफ नेता नाखुश

**आइजोल, एजेंसी।** लोकसभा में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के एकमात्र सदस्य सी. लालरोसांगा ने गुरुवार को कहा कि जातीय हिंसा से निपटने पर केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकारों के रवैए से उनकी पार्टी बेहद नाखुश है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।

तीसरी द्विमासिक बैठक के बाद किया गया ऐलान

# आरबीआई ने रेपो दर में नहीं किया बदलाव

जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान



**मुंबई, एजेंसी।** महंगाई को लक्षित दायरे में रखने के लक्ष्य पर नजर टिकाए रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने गुरुवार को विकास अनुमान को यथावत बनाये रखने और महंगाई के अनुमान को बढ़ाते हुए नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया, जिससे आम लोगों के घर, कार और अन्य प्रकार के ऋणों की किस्तों में बढोतरी नहीं होगी।

समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया है। चालू वित्त वर्ष में तीसरी द्विमासिक तीन दिवसीय बैठक के बाद आज जारी बयान में यह घोषणा की गयी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह घोषणा करते हुये कहा कि वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुये कहा कि फिलहाल नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं की जा रही है लेकिन नीतिगत दरों को यथावत बनाये रखने के बीच समिति ने समयोजन वाले रूख से पीछे हटने का निर्णय लिया है। समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है। श्री दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में आई सुस्ती के बीच सशक्त और मजबूत बना हुआ और यह महंगाई ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

**भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में आई सुस्ती के बीच सशक्त और मजबूत बना हुआ और यह महंगाई को काबू में करने में सक्षम है: शक्तिकांत दास, गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक**

# चिकन खाने से 32 छात्राएं बीमार

**विजयनगर (कर्नाटक), एजेंसी।** कर्नाटक के विजयनगर जिले में गुरुवार को एक छात्रावास में चिकन खाने से 30 से अधिक छात्राएं बीमार पड़ गईं। यह घटना विजयनगर जिले के होस्पेट शहर के मैट्रिक एसटी गर्ल्स हॉस्टल में हुई। छात्रावास में रात के खाने में चिकन खाने के बाद आधी रात को छात्राओं को पेट में दर्द, उल्टी और दस्त के लक्षण विकसित हुए। छात्रों को होसपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 28 छात्रों को आधी रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अन्य चार बीमार पड़ गए और उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या 32 हो गई। 32 में से छह की देखभाल की गई। हालांकि, अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि बाकी छात्र ठीक हो रहे हैं। एसटी छात्रावास में 148 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उनमें से, 131 छात्रों ने मांसाहारी भोजन खाया और 17 छात्रों ने बुधवार रात शाकाहारी भोजन का विकल्प चुना। रात को खाना खाने के बाद वे सोने चले गये थे। रात करीब दो बजे छात्रों को पेट में तेज दर्द की शिकायत होने लगी। बाद में उनमें अन्य लक्षण भी विकसित हो गए थे। अधिकारियों ने छात्रों के बीमार पड़ने के सही कारण का पता लगाने के लिए छात्रों के रक्त के नमूने एकत्र करने का निर्देश दिया है।

## यूट्यूब चैनलों पर सामग्री के दुरुपयोग को रोकने नए कानून पर विचार कर रहा केरल

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** यूट्यूब चैनलों पर अपमानजनक और भड़काऊ सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए एक विशेष नोडल अधिकारी को नियुक्त करने की घोषणा करते हुए केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को राज्य विधानसभा को सूचित किया कि चूंकि यह एक गंभीर मुद्दा है, नए कानून के जरिए इस पर कैसे लगाम लगाई जा सकती है, यह देखना जरूरी है।

विजयन ने यह बात सदन में ट्रेजरी बेंच के विधायक पी. वी. अनवर द्वारा उठाए गए सवाल पर कही। विजयन ने कहा, 'राज्य आईटी सचिव नोडल अधिकारी हैं, जिन्हें यूट्यूब की सामग्री के बारे में शिकायतों की जांच के लिए नियुक्त किया गया है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'न्यायालय के निर्देशों के आधार पर नोडल अधिकारी संबंधित अधिकारी को ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

रीवा में हुआ लाड़ली बहनों का राज्य स्तरीय सम्मेलन, मुख्यमंत्री ने कहा

# बहनों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे

▪ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की तीसरी किश्त की 1,209 करोड़ की राशि
▪ जनजातीय बहनों को जारी किए आहार अनुदान के 18 करोड़ 16 लाख




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बहन-बेटियों को अपनी स्थिति सुधारने के लिए संगठित होना होगा। हर गांव और हर वार्ड में लाड़ली बहना सेना गठित की जा रही है। हम बहनों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। बहन-बेटियों के विरूद्ध अपराध करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री रीवा में राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों के वार्डों से बहनें वर्चुअली जुड़ीं। श्री चौहान ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की तीसरी किस्त के 1,209 करोड़ रूपए अंतरित किए। वहीं एक लाख 81 हजार जनजातीय बहनों के खातों में पोषण आहार के लिए आहार अनुदान योजना के 18 करोड़ 16 लाख रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए।

श्री चौहान ने कहा कि योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही एक हजार रुपए की राशि को क्रमशः बढ़ाकर प्रतिमाह 3 हजार रुपए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन के पर्व पर 27 अगस्त को पूरे प्रदेश की बहनों से संवाद के लिए विशेष कार्यक्रम होगा तथा बहनों को उपहार प्रदान किया जाएगा। इस दौरान श्री चौहान ने 161 करोड़ 35 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रहट विकासखंड रीवा ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

## जनदर्शन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

सम्मेलन से पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क पहुंचकर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनदर्शन आरंभ किया । उन्होंने विकास रथ पर समाज के विभिन्न वर्गों , लाड़ली लक्ष्मी बेटियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह के सदस्यों, भूतपूर्व सैनिकों, सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, लाड़ली बहना सेना की सदस्यों, विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों से भेंट की तथा संवाद किया।

भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट से मिली जानकारी

# रेलवे ने यात्री ट्रेनों में कमाई से अधिक किया खर्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने रेल मंत्रालय पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया है कि परिचालन अनुपात (ओआर) 2020-21 में 97.45 प्रतिशत के मुकाबले 2021-22 में 107.39 प्रतिशत था। क्योंकि रेलवे शुद्ध अधिशेष उत्पन्न नहीं कर सका।

8 अगस्त को रेलवे के वित्त पर सीएजी की 2023 की रिपोर्ट संख्या 13 में बताया गया कि बजट अनुमान में 96.15 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले, 2021-22 में रेलवे का परिचालन अनुपात 107.39 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया, इसका मतलब है कि रेलवे ने 100 रुपए कमाने के लिए 107.39 रुपये खर्च किए। 2020-21 के दौरान 97.45 प्रतिशत के परिचालन अनुपात की तुलना में, 2021-22 में गिरावट आई। ऑपरेटिंग अनुपात कामकाजी खर्चों के अनुपात को दर्शाता है और उच्च अनुपात अधिशेष उत्पन्न करने की खराब क्षमता को इंगित करता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर रेलवे के पेंशन भुगतान पर खर्च को पूरा करने के लिए आवश्यक 51,215.94 करोड़ रुपये की वास्तविक राशि (48,100 करोड़ रुपए के बजाय) पेंशन फंड में विनियोजित की गई होती, तो रेलवे के कामकाजी खर्च में वृद्धि होती। बढ़े हुए कामकाजी खर्चों के साथ, 2021-22 में ओआर 107.39 प्रतिशत के बजाय 109.02 प्रतिशत होगा। इस प्रकार रेलवे द्वारा दिखाया गया 107.39 प्रतिशत का ओआर रेलवे के वास्तविक वित्तीय प्रदर्शन को नहीं दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, फिर से, अगर रेलवे के डीआरएफ भुगतान पर व्यय को पूरा करने के लिए आवश्यक वास्तविक राशि (661.01 करोड़ रुपए) को डीआरएफ (शून्य के बजाय) में विनियोजित किया गया होता, तो रेलवे के कामकाजी खर्च में वृद्धि होती। बढ़े हुए कामकाजी खर्चों के साथ, 2021-22 में ओआर 107.39 प्रतिशत के बजाय 109.36 प्रतिशत होगा। इस प्रकार रेलवे द्वारा दिखाया गया 107.39 प्रतिशत का ओआर रेलवे के वास्तविक वित्तीय प्रदर्शन को नहीं दर्शाता है। लेखापरीक्षा विश्लेषण से यह भी पता चला कि छह जोनल रेलवे - पूर्वी तट, उत्तर मध्य, दक्षिण मध्य, दक्षिण पूर्वी, दक्षिण पूर्व मध्य और पश्चिम मध्य रेलवे का परिचालन अनुपात 100 प्रतिशत से कम था, इसमें पूर्वी तट का परिचालन अनुपात 54.58 प्रतिशत पर सर्वोत्तम था।

# लाडली बहना योजना से महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया: महापौर



**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रीवा से सवा करोड़ से अधिक लाडली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से तीसरी किस्त की 1209 करोड़ की राशि लाडली बहनों के खातों में अंतरित की। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था नगर निगम द्वारा महाकवि पद्माकर सभागार में की गई थी, इसके साथ ही नगर के 48 वार्डों में भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था थी। कार्यक्रम में विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, मेघा दुबे, याकृति जड़िया, संगीता जैन, बृजेश त्रिपाठी के साथ लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। बहनों को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि 10 तारीख बहनों के लिए दीपावली, दशहरा, ईद जैसे त्यौहार से कम नहीं है क्योंकि इस तारीख को उनके खातों में एक-एक हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री द्वारा लाडली बहनों के खातों में भेजी जाती है। जो बहनें योजना के लाभ से वंचित रह गई हैं उनके लिए भी योजना में शामिल करने के लिए मैंने महापौर और पार्षदों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराकर उन बहनों को शामिल करने का निवेदन किया है। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि लाडली बहना योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है और जो महिलाएं पहले सब्जी भाजी खरीदने, बच्चों की पढ़ाई के लिए किताब कॉपी और अन्य छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए परेशान रहती थी अब वहीं महिलाएं अपने जरूरत के काम स्वयं कर पा रही हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश भर में लाडली बहना सेना का गठन भी हो चुका है, लाडली बहना सेना प्रदेश भर में महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए काम करेगी, यह भी अभिनव पहल जो एक तरफ हर माह पैसे आने से महिलाएं जहां सशक्त होंगी वहीं इन महिलाओं की हितों की रक्षा भी की जा सकेगी। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जैन ने किया। कार्यक्रम के पूर्व सभागार में उपस्थित सभी बहनों द्वारा विधायक शैलेंद्र जैन एवं महापौर संगीता तिवारी को रक्षासूत्र बांधे एवं नगर और प्रदेश को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छी नंबर दिलाने के लिए सिटिजन फीडबैक दिया और आश्वासन दिया गया कि वह अपने परिचित जिनके द्वारा फीडबैक नहीं दिया गया है उनसे वह फीडबैक दिलाने का काम करेंगी।

## सार-समाचार

### समरसता यात्रा की अगवानी की ओर टड़ा में हुआ समापन



**टड़ा, देशबन्धु।** संत रविदास स्मारक निर्माण समरसता यात्रा ने विधानसभा देवरी के टड़ा में प्रवेश किया समरसता यात्रा का रथ का सांसद प्रतिनिधि उमेश श्रीवास्तव सहित समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी ने यात्रा का स्वागत किया इसके पश्चात समरसता रथ टड़ा के विभिन्न मार्गो से होते हुए हरिजन वार्ड में पहुंचा वहां पर सभी लोगों ने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की कार्यक्रम में उद्बोधन के दौरान उमेश श्रीवास्तव ने सभी लोगों से 12 अगस्त को सागर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा संत शिरोमणि रविदास के मंदिर के भूमि पूजन के लिए सभी लोगों के लिए आमंत्रित किया समरसता यात्रा में राजकुमार सिंह बरकोटी, प्रभु तिवारी, शोरभ सिंह, अनिल जैन, कमलेश नेमा आदि सहित अहिरवार समाज के नागरिक एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**बिलहरा, देशबन्धु।** नगर परिषद बिलहरा द्वारा गुरुवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत परिषद द्वारा शिलाफलक की स्थापना की गई जिसका लोकार्पण नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश रानी रमेश चढ़ार द्वारा किया गया। इस अवसर पार्षद बसंत चौबे, सुभाष ठाकुर, रमेश खटीक, सीएमओ राजेश कुमार खटीक, कर्मचारी अनुज मिश्रा, श्रीराम यादव एवं अन्य कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### केशव बाल कल्याण समिति का निर्वाचन हुआ संपन्न



**टड़ा, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर टड़ा में केशव बाल कल्याण समिति का निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें सभी समिति के सदस्य शामिल हुए, बिना किसी भी विरोध के चुनाव संपन्न हुआ और नए सदस्य भी समिति शामिल हुए, सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं, नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष भगवानदास सेन, सचिव उमेश श्रीवास्तव, सह सचिव सतीश सोनी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार जैन, निर्वाचन अधिकारी कविंद्र दुबे, जिला सह सचिव ग्राम भारती जिला सागर सहयोगी मनीष खरे, प्रधानाचार्य मोतीनगर, सागर एवं समिति के समस्त सदस्य प्राचार्य कपिल पाठक उपस्थित रहे।

### बारिश से फसल खराब, किसानों ने सर्वे कराने उठाई मांग



**शाहगढ़, देशबन्धु।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों के साथ खराब फसल का सर्वे और मुआवजा की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार जीसी राय को ज्ञापन सौंपा। किसानों का नेतृत्व कर रहें किसान बलवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि अत्याधिक बारिश से ग्राम अदावन, बलयारपुरा, बरगुवा इन तीन गावों की फसल खराब हो गई है, गुरूवार को फसल खराब के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर खेतों का सर्वे कराकर उचित मुवावजा दिलाया जाने की मांग की गई है, ज्ञापन में किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में राम यादव, बलवंत सिंह, सुशील गुप्ता, विरती सेठ, दीपक सिंघई, अरविंद जैन, जगत यादव, धर्मेंद्र जैन आदि कई किसान थे।

## कावड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था में चूक हुई तो पुलिस प्रशासन होगा जिम्मेदार: हरिराम सिंह ठाकुर



**सागर, देशबन्धु।** तुलसी फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 11 मार्च को कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर तुलसी फाउंडेशन के पदाधिकारियों पत्रकार वार्ता के माध्यम से पत्रकारों से चर्चा की संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष बृहद रूप में कावड़ यात्रा निकाली जा रही है 11 से 14 अगस्त तक कावड़ यात्रा के आयोजन में सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व के वर्षों में कई खामियां नजर आई है इस वर्ष निकल जाने वाली कावड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक होती है तो उसके लिए पुलिस प्रशासन जिम्मेदार होगा, तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजोरिया ने बताया कि लगभग 5 वर्षों से लगातार कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है कावड़ यात्रा की विशेषता यह है कि किसी भी प्रकार का चंदा और धन संग्रह नहीं होता यहां पर सभी धर्म प्रेमी बंधु बैठकों में आकर अपनी-अपनी क्षमता अनुसार भाव निधि श्रद्धा निधि और समर्पण निधि अर्पित करते हैं जिससे तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा का सुचारू संचालन किया जाता है, समन्वयक डॉ. अनिल तिवारी ने बताया कि इस वर्ष कावड़ यात्रा में लगभग 500 कावड़ यात्री शामिल होंगे। कावड़ यात्रा के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पाठक ने बताया कि कावड़ यात्रा निकलने के पहले समस्त कावड़ यात्रियों को प्रशिक्षित किया जाता है जिससे सभी कावड़ यात्री नियमों का पालन करते हुए चलते हैं।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा मेरी माटी मेरा देश वीरों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**सागर, देशबन्धु।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम पंचायत बेरखेड़ी गुरु में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश माटी को नमन वीरों का बंधन के तहत वीर जवानों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर सरपंच भरत गुरु द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ झंडा वंदन राष्ट्रगान के साथ किया गया। भरत गुरु ने कहा कि भारत देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है हम सभी आजाद देश के नागरिक सभी वीरों एवं स्वतंत्रता सेनानियों देश को स्वतंत्र करवाने में अपना योगदान देने वाले जननायको तथा हिंदुस्तानियों के कृतज्ञ हैं जो भारत देश को आजाद कराने में सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने संघर्ष किया और अंग्रेजों के अत्याचार को सहन करते हुए भी देश को आजाद कराने में अपना सहयोग योगदान दिया। कार्यक्रम प्रभारी रामकुमार साहू ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र के निर्देश पर आजादी की 75 वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का व्रत महोत्सव पर्व का आयोजन देश भर में किया जा रहा है इसके तहत स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी सेना के वीर जवान आदि का सम्मान किया जा रहा है।

## नगरीय निकायों के 17 हजार पेंशनर्स की महंगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि

**सागर, देशबन्धु।** मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य सरकार के पेंशनर्स को महंगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भी प्रदेश के नगरीय निकायों के सातवें वेतनमान अनुसार पेंशन प्राप्त कर रहे 17 हजार पेंशनर्स की महंगाई राहत में 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे पेंशनर्स को हर महीने न्यूनतम 400 से 4 हजार रूपये तक का फायदा होगा। महंगाई राहत में की गई वृद्धि का भुगतान पेंशनर्स को एक जुलाई 2023 से किया जायेगा एवं माह अगस्त में ही रक्षाबंधन के पूर्व ही पेंशनर्स को एक महीने की बढ़ी हुई महंगाई राहत राशि के एरियर्स का भुगतान भी किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक ने ली सरपंचों की बैठक



**सागर, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 अगस्त को सागर आगमन को लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में राहतगढ़ एवं सागर ब्लॉक के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक सचिव की बैठक ली। बैठक में विधायक लारिया ने भोजन व्यवस्था, परिवहन, पेयजल आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि नरयावली विधानसभा के लिए गौरव की बात है। यहां संत रविदास के मंदिर का निर्माण 100 करोड़ रूपये की लागत से होने जा रहा है। गौरव की बात है कि इस कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भूमिपूजन करने आ रहे हैं। यह कार्यक्रम आप सबके सहयोग से ऐतिहासिक होगा। लोग विभिन्न साधनों से कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रहे है। उन्हें मोबाईल नंबर सहित सूचीबद्ध कर लें, जिससे किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी न हो। हम सभी आने-जाने वालों की भोजन, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था के उचित प्रबंध करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत राहतगढ़ सीईओ एवं सागर के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक सचिव आदि उपस्थित थे।

## शराब पीने से युवक की हुई मौत, पिता ने कहा कि मजदूरी के बदले बेटे को पिलाई जाती थी शराब

**बीना, देशबन्धु।** हड़कल जैन गांव में ज्यादा शराब पीने से एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पिता ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस व्यक्ति के यहां उसका बेटा काम करता था वह मजदूरी के बदले शराब पिलाता था। मिली जानकारी अनुसार राजेंद्र अहिरवार 26 की ज्यादा शराब पीने से मौत हो गई। इसके बाद उसके शव को बीना सिविल अस्पताल लाया गया। जहां मृतक के पिता राजकुमार अहिरवार ने आरोप लगाया कि उनका बेटा गांव में मजदूरी करने जाता था। मजदूरी के बदले में उसे शराब पिलाई जाती थी। अन्य दिनों की तरह ही वह शराब पीकर घर आया था। पहले से शराब का नशा होने के बाद भी उसने घर पर देर रात तक शराब का सेवन किया। इसके बाद हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया, लेकिन डाक्टर ने उसे जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर भानगढ़ पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पीएम कराया व शव का पीएम कराके परजिनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। भानगढ़ थाना प्रभारी जेपी ठाकुर ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदि था। वह रोज शराब पीता था। घटना समय पर भी उसने अपने घर पर शराब पी थी, इसके चलते उसकी मौत हो गई। शव का पीएम कराकर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

## भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर ली भाजपा की सदस्यता



**सागर, देशबन्धु।** जिले की देवरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए सैकड़ों आदिवासी भाइयों ने आदिवासी दिवस पर देवरी के समाजसेवी बबलू जैन प्रेरित होकर भाजपा कार्यालय सागर पहुंचकर जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, प्रभारी मंत्री अरविंद भदौरिया, प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, संभागीय प्रभारी जाहर सिंह, अर्पित पांडे और जिले के विभिन्न भाजपा नेताओं की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। देवरी विधानसभा क्षेत्र की गोपालपुरा, हाथखोय, बोरिया, चिरचिटा, सिमरिया, खोड़ी, डोगर सलैया, ज्वाप से जो सैकड़ों आदिवासी भाई मौजूद थे। इस अवसर पर संदीप जैन बबलू ने कहा कि जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया के मंशानुरूप देवरी विधानसभा क्षेत्र में निरन्तर भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक दो हजार से अधिक आदिवासी समाज के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर संदीप जैन बबलू सिनेमा का किया सम्मान



**देवरीकलां, देशबन्धु।** अखिल भारतीय गौड आदिवासी संघ द्वारा रविंद्र भवन सागर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न आदिवासी संगठनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि देवरी के समाजसेवी बबलू जैन, मुख्य अतिथि कुमारी रागनी मार्को स्वर्ण पदक विजेता तीरांदाजी, हरिओम परतें जिला कोर्ट भोपाल, अध्यक्षता भूपत सिंह मरकाम अखिल भारतीय गौड आदिवासी संघ भोपाल द्वारा की गई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरण किए गए, संगठन के वक्ताओं ने समाज सुधार पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि हरि ओम परतें ने कहा कि आज समाज को संगठित होने की जरूरत है। आदिवासी समाज को नशा मुक्त होकर शिक्षा पर जोर देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज जल, जंगल और जमीन की रक्षक थे। आदिवासी समाज को प्रकृति का ज्ञान है। हमारी भाषा को सभी समझते हैं। हमें हमारी भाषा संस्कृति को बचाने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि संदीप जैन बबलू सिनेमा ने कहा कि मैं विगत 8 वर्षों से आदिवासी समाज में और अन्य समाज के गरीब वर्गों में जन सेवा का कार्य कर रहा हूं। आज आप लोगों ने मुझे जिला में बुलाकर सम्मान किया है। मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और दिल से रिणी हो गया हूं। आदिवासी समाज ने मुझे दिल से सम्मान दिया है। ऐसा सम्मान मुझे किसी समाज ने नहीं दिया है। आज मैं शपथ लेता हूं कि जीवन पर्यंत आप लोगों के बीच में रहकर सेवा करता रहूंगा। मेरा जनसेवा लक्ष्य राजनीति तो माध्यम मात्र है। आपके सम्मान ने मेरे जन सेवा के भाव के हौसले को बुलंद किया है। जो जीवन पर्यंत जारी रहेगा। भूपत करकाम अध्यक्ष अखिल भारतीय गौड़ आदिवासी संघ ने कहा कि समाज की एकता के लिए कार्य कर रहा हूं और समाज के सुधार को मेरा जीवन समर्पित रहेगा। समाज के विभिन्न आदिवासी संगठन यहां आए उन सभी का आभारी हूं। मैंने देवरी के समाजसेवी बबलू भैया के निस्वार्थ आदिवासी समाज सेवा और प्रेम को देखते हुए उनके उनका सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं उनसे आग्रह करता हूं कि जनसेवा का ऐसा ही भाव बनाए रखें। हम आपको विश्वास दिलाते हैं की देवरी क्षेत्र का नहीं बल्कि पूरे जिले का आदिवासी समुदाय आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगा। जहां आपका पसीना गिरेगा हम खून बहा देंगे। आदिवासी सामुदायिक सच्चा भोला भाला समुदाय है। जो कहता है वह करता है। इस अवसर पर हजारों आदिवासी भाई एवं महिलाएं मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर सरदार सिंह मरकाम रिटायर पुलिस अधिकारी सागर द्वारा किया गया।

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी छोटू उर्फ राधे श्याम को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की न्यायालय ने दोषी करार देते हुये आजीवन सश्रम कारावास व अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में बालिका के पुनर्वास के लिये उसे क्षतिपूर्ति के रूप में 4 लाख रूपये प्रतिकर दिये जाने का आदेश किया गया है। मामले की पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता बालिका ने 18 सितम्बर 2019 को पुलिस थाना जैसीनगर में एक लिखित आवेदन इस आशय का दिया कि 13 सितम्बर 2019 के दोपहर करीब 2.30 बजे वह स्कूल से लंच होने पर उसके घर जाने के लिये निकली तभी कुछ दूर जाने पर रास्ते में टेपरे के पास उसे अभियुक्त राधे उर्फ छोटू ठाकुर मिला जो उसका बैग लेकर दौड़कर एक कमरे के अंदर चला गया, वह पीछे-पीछे बैग लेने गई तो अभियुक्त ने उसे कमरे के अंदर कर गेट बंद कर लिया और वह चिल्लाई तो अभियुक्त ने उसका मुंह दबा लिया और बालिका द्वारा आवाज देने पर उसे जान से मार कर फेंक देने की धमकी दी तथा जबरदस्ती उसके साथ बुरा काम किया। उसी समय मोहल्ले के कुछ आदमी आ गये जिनकी आवाज सुनकर छोटू उर्फ राधे श्याम उसे छोड़कर भाग गया और जाते-जाते भी उसने बालिका को घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। बालिका के माता-पिता रिश्तेदारी में बाहर गये होने से वह उस दिन रिपोर्ट लिखाने नहीं गयी तथा उसके माता पिता के आने पर उसने घटना के बारे में उसके माता पिता तथा उसकी बहनों को बताया फिर उसने उसके पिता के साथ थाने जाकर रिपोर्ट की। उक्त आवेदन के आधार पर अभियुक्त छोटू उर्फ राधेश्याम के विरूद्ध थाना जैसीनगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया।

### युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** युवती के साथ छेडछाड़ करने वाले आरोपी रविन्द्र अहिरवार को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की न्यायालय ने दोषी करार देते हुये 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि सूचनाकर्ता / बालिका ने 23 दिसम्बर 2021 को पुलिस थाना सुरखी जिला सागर में एक लिखित आवेदन दिया कि 20 दिसम्बर 2021 के दोपहर 2 बजे जब उसकी मां नहाने गई थी तथा उसका पिता व भाई काम करने सागर गये थे तभी अभियुक्त रविन्द्र अहिरवार उसके घर के अंदर आया और उसने बालिका के माता पिता के बारे में पूछा तो बालिका के यह कहने पर कि उसका पिता घर पर नहीं है तथा उसकी मां नहाने गई है तो अभियुक्त रविन्द्र उसके पास आया और बुरी नियत से उसने बालिका को पकड़ लिया। बालिका ने उसे छुड़ाने की कोशिश की तथा उसके चिल्लाने पर उसकी मां के आने पर अभियुक्त रविन्द्र उन्हें देखकर भाग गया। फिर बालिका ने सारी घटना उसकी मां को बताई। भाई के घर आने पर उसे घटना के बारे में बताकर वह उसके भाई तथा मां के साथ रिपोर्ट करने थाना गई। उक्त आवेदन के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कर प्रकरण विवेचना में लिया।

## सांची पार्लर 20 को हुआ स्थान आवंटन केवल पांच ने ही जमा की सुरक्षा निधि नगर निगम ने बंद किए आवंटन

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम सागर द्वारा सांची पार्लर स्थापित करने के इच्छुक लोगों को स्थान आवंटित करने का कार्य अघोषित रूप से यह कहकर बंद कर दिया है की लोग स्थान स्वीकृत कराते जा रहे हैं किंतु नगर निगम को इससे कोई फायदा और आमदनी नहीं हो रही है निगम के पदाधिकारियो का कहना है कि गत मार्च से अब तक दो किस्तों में लगभग 20 लोगों को शहर के विभिन्न स्थानों पर सांची पार्लर स्थापित करने के लिए स्थान आवंटित किए गए किंतु मात्र पांच लोगों ने ही अब तक नगर निगम में सुरक्षा निधि एवं किराया जमा किया है नगर निगम ने बुंदेलखंड सांची दुग्ध संघ को बकाया राशि का पत्र लिखा है जिसके जवाब में दुग्ध संघ द्वारा उनसे पूछा गया है की किसकी कितनी राशि बकाया है यह बताएं किंतु नगर निगम द्वारा अभी तक इसका कोई जवाब नहीं दिया गया है उल्लेखनीय है कि दुग्ध संघ के पदेन अध्यक्ष संभाग आयुक्त होते हैं और वह निरंतर अधिक से अधिक सांची पार्लर स्थापित कराने हेतु प्रयासरत हैं दूसरी ओर पशु विचरण मुक्त शहर की दिशा में अग्रसर होने से सागर की डेयरिया बाहर हो रही है जिससे लोगों को दूध की समस्या उत्पन्न होने लगी है और दुग्ध पदार्थों की किल्लत होने से उनकी मांग भी बढ़ गई है नगर निगम स्थान की सुरक्षा निधि 40000 जमा करता है, एक कार्यक्रम में महापौर प्रतिनिधि ने इसे 20000 करने की घोषणा की थी किंतु यह अभी तक कार्य रूप में परिणित नहीं हुआ है, नगर निगम ने आज तक यह राशि किसी की लौटाई भी नहीं गई है सिविल लाइन में रहने वाले श्री गर्ग का कहना है कि मैं नगर निगम का स्थान रिक्त कर चुका हूं मेरे ऊपर कोई बकाया भी नहीं है अब मैं पार्लर नहीं चला रहा मेरे जूते चप्पल घिस गए किंतु मेरी सुरक्षा निधि वापस नहीं की जा रही है दुग्ध संघ के विपणन अधिकारी मुकेश कोशल का कहना है कि स्थान स्वीकृत कर देना अलग बात है और पार्लर स्थापित किया जाना या नहीं किया जाना बिल्कुल पृथक बात है नगर निगम द्वारा मांगी गई जगह के अलावा अन्य जगह आवंटित करने सहित विभिन्न कारणों से नहीं खुल पाते और नगर निगम दुग्ध संघ पर बकाया निकाल देती है जबकि सुरक्षा निधि एवं किराया राशि जमा करने की जिम्मेवारी स्वयं पार्लर संचालक की होती है यहां यह उल्लेखनीय है की पूर्व परिषद के प्रस्ताव अनुसार दुग्ध पार्लर की अतिरिक्त अन्य किसी व्यवसाय के लिए निगम अपना स्थान आवंटित नहीं करती है बल्कि स्वयं दुकान बनाकर उसकी प्रीमियम राशि इत्यादि वसूल करती है इसी कारण लोग सांची दुग्ध पार्लर लेकर उसमें विभिन्न व्यवसाय कर रहे हैं।

## सोने की नकली झूमर गिरवी रख 1 लाख रुपए लेकर ठग हुआ फरार



**बीना, देशबन्धु।** एक किसान के पास झूमर गिरवी रखने वाले व्यक्ति ने उस के साथ ठगी कर दी और इसका खुलासा तब हुआ जब किसान ने उक्त व्यक्ति के कहने पर 8 दिनों के बाद उसे कॉल किया तो उसका फोन ही बंद मिला। तब किसान ने बीना थाने में इसकी शिकायत की है। जानकारी अनुसार 1 अगस्त को अज्ञात ठग किसान को करीब एक किलोग्राम वजनी सोने की नकली झूमर गिरवी रख गया था। फिर 8 दिन बाद किसान को नकली झूमर होने की आशंका हुई तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। किसान तुलाराम पिता कंछेदी अहिरवार 60 निवासी खजरा हरचंद थाना खुरई शहरी ने बताया कि ठग से उसकी मुलाकात बीना के साहू मार्केट में 31 जुलाई को हुई थी। उसने मुझसे कहा था कि मेरी बहू की तबीयत बहुत खराब है। उसे इलाज के लिए भोपाल लेकर जाना है। साथ ही उसने बताया था कि उसके रिश्तेदार धनोरा गांव में रहते हैं। लेकिन गहने गिरवी रखने में शर्म आ रही है। उसने यह भी बताया कि उसे अपनी पैतृक झूमर गिरवी रखनी है। इसके बाद लालच में आकर किसान ने उस व्यक्ति से झूमर दिखाने के लिए बोला। फिर ठग ने अपने बैग से झूमर निकाले और किसान को दे दिया और बोला कि यदि आप चाहों तो सुनार के पास जाकर सोने की जांच भी करा सकते हो। इसके बाद किसान उस झूमर में सबसे आखिरी में एक नग निकालकर ज्वेलर्स की दुकान पर ले गया। ज्वेलर्स ने उस नग को देख परखकर कहा कि यह तो असली सोना है। इसके बाद किसान को यकीन हो गया कि यह असली सोने की झूमर है। इसके बाद किसान ने कहा कि मैं तुम्हें कल रुपए दे दूंगा। इसके बाद किसान 1 अगस्त को एक लाख रुपए लेकर आया और उसे रेलवे बाइपास रोड पर दे दिए और किसान नकली झूमर लेकर घर आ गया।

किसान तुलाराम अहिरवार ने बताया कि झूमर गिरवी रखने वाला व्यक्ति 8 दिन बाद रुपए लौटाने की बोल कर गया था लेकिन जब 8 दिन बाद से फोन लगाया तो उसका फोन बंद आ रहा था। जब लगातार फोन करने के बाद उसका फोन बंद आया तो मैंने फिर से जाकर ज्वेलर्स की दुकान पर झूमर की जांच करवाई। तब ज्वेलर्स ने बताया कि यह झूमर नकली है। बाजार में इस प्रकार के झूमर दो हजार रुपए में मिल जाते हैं। इतनी बात सुनते ही किसान घबरा गया और उसने तुरंत आकर बीना थाने में ठग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आवेदन सौंपा है।

# सार समाचार

## द्वारका तीर्थ यात्रा पर जाने वालों का चयन लॉटरी से होगा

**छतरपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 22 अगस्त को द्वारका जाने वाले तीर्थ यात्रियों की चयन सूची 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय छतरपुर के एनआईसी कक्ष में निर्धारित प्रक्रिया का अनुशरण कर लॉटरी द्वारा निकाली जाएगी।

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण कराया



**खजुराहो, देशबन्धु।** नगर की विद्याधर कॉलोनी के मंशापूर्ण मंदिर में नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण कराया जा रहा है। नगर के लोग कार्यक्रम में भाग लेकर शिवलिंग निर्माण कर रहे हैं और सुख-समृद्धि तथा अच्छी बारिश की कामना भोलेनाथ से की जा रही है। आयोजक श्री अवस्थी ने बताया कि उनका एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है जो 16 अगस्त तक चलेगा। आयोजन के विराम दिवस पर हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष श्री अवस्थी और भाजपा जिला महामंत्री अरविंद पटैरिया ने समस्त क्षेत्रवासियों से आयोजनमें शामिल होने की अपील की है।

## दबोचे गए जंगली सुअर के शिकारी



**बकस्वाहा, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम घोघरा में जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो युवकों को वन अमले ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि यह कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर की गई। जिस वक्त अमले ने दबिश दी उस वक्त दोनों आरोपी खेत पर सुअर का मांस पका रहे थे।

वन परीक्षेत्र अधिकारी एसके सचान ने बताया कि बुधवार के शाम 4 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि ग्राम मुडिया़ निवासी वीर सिंह ठाकुर एवं मझगुवां निवासी मुन्नीलाल आदिवासी ने रात्रि के समय एक जंगली सूअर का शिकार किया और अब इसे पकाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद वन परीक्षेत्र अधिकारी श्री सचान ने वन अमले के साथ घोघरा बीट के करौंदिया हार में दबिश दी जहां वीर सिंह ठाकुर के खेत पर सुअर का मांस पकाया जा रहा था। वन अमले ने बर्तनों के साथ वीर सिंह और मुन्नीलाल आदिवासी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरुद्ध वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में वनपाल महेन्द्र गौंड़, आशुतोष पचौरी, उमाशंकर पटैरिया, शीत कुमार कोल, विनोद दुबे, हरिया अहिरवार, केके मिश्रा ने सहयोग किया।

## हटा थाने के आरक्षक की हुई थी हृदयघात से मौत

# रास्ते के विवाद पर रोक दी शव यात्रा

◆ **मामला सुइया राधेनगर का**



**छतरपुर, देशबन्धु।** हटा थाने में पदस्थ रहे छतरपुर जिले के निवासी 35 वर्षीय आरक्षक राममिलन शर्मा का हृदय घात से दुखद निधन हो हो गया। राममिलन शर्मा छतरपुर जिले के ग्राम रसुइया राधेनगर के मूल निवासी थे। बताया जा रहा है कि बीती रात हटा एसडीओपी वीरेंद्र बहादुर सिंह की विदाई पार्टी में वह शामिल हुए थे जहां साईलेंट अटैक के कारण उनकी जान चली गई।

दरअसल वे अपने एसडीओपी की विदाई पार्टी में शामिल होने के बाद जैसे ही घर पहुंचे उन्हें अचानक सीने में दर्द उठने लगा जिसके बाद उन्हें अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया गया। हटा पुलिस थाना में गुरुवार सुबह पूरे पुलिस सम्मान के साथ आरक्षक स्व राममिलन शर्मा की पार्थिव देह को पुष्प चक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान एसडीओपी वीरेंद्र बहादुर सिंह थाना प्रभारी मनीष मिश्रा सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी पत्रकारों गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में हटा वासियों की मौजूदगी रही। यहां से पार्थिव देह को उनके गृह ग्राम छतरपुर जिले के मातगुवां थानाक्षेत्र के ग्राम रसुईया रवाना किया गया। रास्ते में दमोह जिले की सीमा पर अंतिम थाना रजपुरा में भी स्व. राम मिलन शर्मा की पार्थिव देह को थाना प्रभारी राजीव पुरोहित एवं पुलिस स्टाफ ने पुष्पांजलि अर्पित करके विदाई दी।

### रास्ते के विवाद पर रोका गया शव वाहन



गुरुवार दोपहर स्वर्गीय राम मिलन शर्मा का शव उनके गृह जिले छतरपुर के मातगुवां थाना के ग्राम रसुईया पहुंचा। जहां शव यात्रा निकालने देने के लिए रास्ता नहीं मिलने पर कुछ देर तक विवाद के हालात बने रहे। दरअसल इस गांव में लंबे समय से आवागमन की सुविधा का अभाव ग्रामीण जन झेलते आ रहे हैं। पूर्व में जिस रास्ते का उपयोग ग्रामीण जन करते थे वह निजी भूमि में होने की वजह से भूमि मालिक द्वारा बंद कर दिया गया था। जिससे ग्रामीणों का आवागमन की परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर 2 दिन पूर्व इसी रास्ते के विवाद को लेकर छात्र छात्राओं ने जनसुनवाई में जाकर हंगामा किया था वहीं आज पुलिसकर्मी के शव के पहुंचने के बाद रास्ता नहीं मिलने पर ग्रामीणों के विरोध के बाद राजस्व विभाग के आरआई एवं पटवारी ने पहुंचकर निजी भूमि का रास्ता खुलवाकर शव वाहन को निकलवाने की व्यवस्था बनाई।

### रास्ते के विवाद को लेकर पूरा गांव परेशान, लाश पर भी नहीं पसीजा दिल

दरअसल राधेनगर रसुईया पिछले कुछ समय से एक रास्ते के विवाद को लेकर परेशान है। इस गांव के लोग सैकड़ों वर्षों से जिस आम रास्ते का उपयोग छतरपुर आने के लिए करते रहे उस रास्ते पर पिछले दिनों न्यायालय का फैसला आया है और इसे भरत सिंह की निजी भूमि में पाया गया है। न्यायालय के आदेश के बाद भरत सिंह ने इस रास्ते को बंद कर दिया है जिसके चलते गांव के लोग अब शहर आने के लिए परेशान होते हैं। बच्चों का स्कूल भी प्रभावित होता है। स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए भी कई बार गांव के लोगों को परेशान होना पड़ता है। गुरूवार को हद तो तब हो गई जब भरत सिंह के परिजनों ने इस रास्ते से गांव के एक दिवंगत सिपाही के शव को भी निकालने से इनकार कर दिया। जब सिपाही के परिवार ने हंगामा किया तो प्रशासन को बीच में आना पड़ा और फिर मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने शव निकालने के लिए आवागमन खुलवाया।

## कलेक्टर ने चिकित्सकों की ली क्लास, दिए निर्देश



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष छतरपुर में जिला अस्पताल के डॉक्टर्स के साथ बैठक की। बैठक में सीएमएचओ लखन तिवारी, सिविल सर्जन डॉ जी.एल. अहिरवार सहित डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने चिकित्सकों के उपकरण की अनुपलब्धता के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक उपकरणों, सर्जरी सामग्री, दवाओं, नर्सिंग स्टॉफ, वार्ड ब्वाय, मॉनिटर, ऑपरेशन से संबंधित आदि स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और आवश्यक समाग्रियों की पूर्ति करने के स्टोर प्रभारी और सीएमएचओ सिविल सर्जन को निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित फैकल्टी के डॉक्टर्स से उनकी रिक्वायरमेंट की जानकारी ली। सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अनुपयोगी सामग्री अगर ठीक है तो प्रयोग में लाए। उन्होंने कोविड वार्ड को उपयोग में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में एक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए जिसमें डॉक्टर अपनी स्वास्थ्य से जुड़ी सामग्रियों की आवश्यकता को लिख सकते हैं। उन्होंने कहा कि ओटी को और सुदृढ़ बनाएं। साथ ही किसी डॉक्टर को कोई समस्या आए तो तत्काल सूचित करें।

कलेक्टर ने डॉक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय से कार्य करें और प्रत्येक आयुष्मानधारी मरीजों को आयुष्मान योजना में दर्ज कर ही उपचार करें। उन्होंने मेडिकल रिकार्ड को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के साथ डिजिटलाइजेशन करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ को निर्देशित किया कि ब्लॉकवार हो रहे अल्ट्रासाउण्ड स्कैनिंग की मॉनिटरिंग कर डेली रिपोर्ट भेजें साथ ही नर्सिंग ऑफिसरों तथा वार्ड ब्वाय की भी मीटिंग करें।

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों के अंतिम वर्ष के नर्सिंग छात्र-छात्राओं की शिफ्ट अनुसार सेवाएं लें। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में मदद तो मिलेगी ही साथ में उनके स्किल का विकास होगा। उन्होंने कहा जो कॉलेज सेवाएं देने से मना करेंगे और निर्देशों का पालन नहीं करेंगे उन पर कार्यवाही की जाएगी।

## वेतन वृद्धि को लेकर रसोइयों ने सौंपा ज्ञापन



**बकस्वाहा, देशबन्धु।** प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह जहां एक ओर प्रदेश के सभी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि सहित आदि मांगे पूर्ण कर आगामी विधानसभा चुनाव की वैतरणी पार लगाने में कोई भी कोर कसर छोड़ना नहीं चाह रहे हैं वही रसोइयों की नाराजगी मुख्यमंत्री के लिए उनकी आगामी राह में रोड़ा साबित हो सकती है। बक्सवाहा तहसील में विभिन्न मांगों को लेकर आज शालाओं में पोषण आहार में अपनी सेवा प्रदान करने वाली सभी रसोइयों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें रसोइयों ने मांग की, इस भारी भरकम महंगाई के दौर में महज ? 2000 की वेतन में सेवाएं प्रदान करने में असमर्थता जताते हुए बताया कि हम रसोईया विगत कई वर्षों से बच्चों के पोषण आहार में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और इस महंगाई के दौर में ? 2000 में हमारे परिवार का भरण पोषण संभव नहीं है वहीं वेतन को कलेक्टर रेट पर किए जाने कि मांग के साथ साथ बारह माह की वेतन और नियमितीकरण व पेंशन सुविधा प्रदान करने की मांग की, वही उन्होंने बताया सभी शालाओं में गैस चूल्हे की व्यवस्था की जाए जिससे हम धुएं से होने वाली आंखों के रोग से बच सके।

### इनका कहना है

हमारे क्षेत्र की रसोइयों के द्वारा बिगत कई दिनों से अपने दैनिक स्थिति के बारे में मुझे अवगत कराया जा रहा था वास्तव में रसोईया की स्थिति बहुत ही दयनीय है इस महंगाई के युग में उनके सभी मांगे जायज है मुख्यमंत्री जी को शीघ्र ही रसोईया की मांगो पर विचार कर निराकरण करना चाहिए।

**मनीष जैन** समाजसेवी

स्कूलो में संचालित मध्यान भोजन में कार्य कर रहे रसोइयों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है जिसे संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाएगा और रसोइयों की समस्याओं से शासन को अवगत कराया जाएगा।

**भरत पांडे** तहसीलदार

## लाड़ली बहिनों को फिर दी 1 हजार की राशि



**छतरपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की सभी पात्र महिलाओं के खातों मे 10 अगस्त गुरूवार को 1 हजार रूपए की राशि भेजी गई। राशि के अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम रीवा जिले में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया गया।

नगर पालिका छतरपुर के द्वारा शहर के ऑडिटोरियम हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया एवं सीएमओ मैडम माधुरी शर्मा सहित पार्षद प्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्र्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में उपस्थित लाडली बहनो ने लाईव प्रसारण के माध्यम से कार्यक्रम को सुना और रीवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1.25 करोड़ महिलाओं के खातो में एक-एक हजार रूपए की राशि तीसरी किस्त के रूप में भेजी गई। जिसमें छतरपुर जिले सहित नगर पालिका क्षेत्र की महिलाएं भी लाभान्वित हुई। तीसरी किस्त मिलने पर योजना की पात्र महिलाओं ने प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद रामदयाल यादव, जयराम दुबे, कालीचरण सेन, अरविंद्र वर्मा, नगर पालिका से कार्यक्रम नोडल शिवानी असाटी, सह नोडल सीपी गुप्ता, मुख्य लिपिक टीडी अहिरवार सहित महिला बाल विकास से सहायक संचालक जीतेन्द्र गुप्ता, अरुण प्रताप सिंह, सीडीपीओ विक्रम सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं योजना की पात्र महिलाएं मौजूद रही।

## 7 सितम्बर को लोक अदालत का आयोजन



**छतरपुर, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर अखिलेश शुक्ला के निर्देशन में नेशलन लोक अदालत 9 सितम्बर 2023 आयोजन के संबंध में बैठक की गई। लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा। बैठक में उक्त लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सविल, आपराधिक क्लेम प्रकरण एनआईएक्ट बैंक रिकवरी मोटर व्हीकल एक्ट मेट्रोमोनियल एवं प्रीलिटिगेश प्रकरण जैसे समस्त बैंक सबंधी नगर पालिका, बीएसएनएल राजस्व, विद्युत एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझोते एवं सुलह के आधार पर प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकरण किए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में अनिल कुमार पाठक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर, बैंक, विद्युत, नगरपालिका, बीएसएनएल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

## सीखो कमाओ योजना की दी जानकारी



**खजुराहो, देशबन्धु।** नगर के एक होटल में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से संबंधित बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक एमएस राणा की अध्यक्षता में हुई तथा बैठक में विभिन्न प्रतिष्ठित होटलों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुये। एमएस राणा ने बैठक में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओं योजना से प्रतिष्ठान एवं छात्र-प्रशिक्षणार्थियों को होने वाले लाभ के बारे में बताया, साथ ही योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करने की विधि बताई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को उनकी कार्यकुशलता के अनुरूप 8 से 10 हजार रूपये स्टायफंड के रूप में प्रदाय किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत कुल स्टायफंड की 75 फीसदी राशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से एवं 25 प्रतिशत राशि संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा बैंक खाता में प्रदाय की जावेगी। बैठक में मप्र पर्यटन विभाग से एमएस राणा (क्षेत्रीय प्रबंधक), जावेद मंसूरी (प्रबंधक होटल पायल), अंकित सिंह परिहार (एमपीटी), आशीष मिश्रा (एमपीटी),अविनाश तिवारी (लेकसाईड), आरएस बघेल (ललित टेम्पिल व्यू), मुकेश रजक (बुन्देला रिसोर्ट), मो. सकील (बुद्धा पैलेस), पुनीत तिवारी (चन्देला), गिरी (रेडीशन), दिवाकर पटेल (सिद्धार्थ), विष्णु मिश्रा (रमाडा), मनीष सचान (तेन्दूलीफ) एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संत रविदास मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कल

◆ **प्रधानमंत्री आएंगे सागर, तैयारी हेतु भाजपा की बैठक संपन्न**



**छतरपुर, देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास जी का भव्य मंदिर लगभग 101 करोड़ की लागत से हमारे मध्य प्रदेश के सागर में बनने जा रहा है। जिसके निर्माण हेतु भाजपा द्वारा संपूर्ण प्रदेश में मंदिर निर्माण यात्रा के माध्यम से प्रमुख धार्मिक स्थानों से पवित्र जल एवं माटी एकत्रित की जा रही है।

आगामी 12 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य मंदिर निर्माण का भूमि पूजन करने सागर आयेंगे।

भाजपा के मीडिया प्रभारी अरविन्द बुन्देला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किए जाने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष मलखान सिंह चौहान, जिला महामंत्री अरविंद पटेरिया सुरेंद्र चौरसिया बृजेश राय छतरपुर विधानसभा के विस्तारक अशोक नायक, महाराजपुर विधानसभा के विस्तारक रानू चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष अशोक दुबे दिलीप अहिरवार दिनेश गौतम मणिकांत चौरसिया, जिला मंत्री उषा कुशवाहा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बॉबी राजा युवा मोर्चा की जिला अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अवधेश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के कृष्णकांत भारती, अल्पसंख्यक मोर्चा के रफीक शाह, कार्यालय मंत्री अरविंद त्रिपाठी अरविन्द रावत सहित मंडलों के सभी अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अभिनय की कला को निखारने शुरू हुई कार्यशाला



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुंदेली रंग मंच आर्ट एंड कल्चर सोसायटी द्वारा शहर के गांधी आश्रम में 30 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ गुरूवार को हुआ जो कि 10 सितंबर तक संचालित होगी। कार्यशाला में प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक अभिनय कला में रुची रखने वाले बच्चों को अभिनय की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

कार्यशाला के प्रशिक्षक मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय से पास आउट लखन अहिरवार ने बताया कि कार्यशाला में भाग लेने वाले बच्चों को इंप्रोवाइजेशन, इमोशन, फेस एक्सप्रेशन, चरित्र निर्माण, फोक म्यूजिक, एक्टिंग, बॉडी मूवमेंट और कैमरा फेसिंग के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य के छतरपुर के बच्चों में मौजूद अभिनय की कला को निखारना है। एक माह की कार्यशाला में भाग लेने वाले बच्चों को अभिनय से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी देकर तैयार किया जाएगा और कार्यशाला के समापन पर बच्चे अपने हुनर को सबके सामने प्रस्तुत करेंगे।

## कोतवाली से अरविन्द की रवानगी, और अरविन्द की आमद



**छतरपुर, देशबन्धु।** बीती शाम कोतवाली थाना के स्टाफ द्वारा स्थानांतरित थाना प्रभारी अरविंद दांगी को विदाई देने और नवागत थाना प्रभारी का स्वागत करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में नवागत थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने पदभार ग्रहण किया, वहीं स्थानांतरित हुए थाना प्रभारी अरविंद दांगी को विदाई देते हुए कई कर्मचारी भावुक दिखाई दिए। विदाई के दौरन अरविंद दांगी ने थाने की चौखट पर माथा टेककर कर्मभूमि को नमन किया और साथी कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार जताया। इसके बाद देश भक्ति के गीतों पर अरविंद दांगी और नवागत थाना प्रभारी अरविंद कुजूर सहित समस्त स्टाफ ने जमकर डांस भी किया। कोतवाली थाने का स्टाफ डीजे पर गीत बजाते हुए श्री दांगी को उनके निवास तक छोडने़ भी गए।

## *अमृत वाटिका में वृक्षारोपण किया*



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा एन.एस.एस. के तत्वावधान में कुलपति प्रो. शुभा तिवारी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आज सबसे पहले विश्विद्यालय परिसर में एनएसएस द्वारा बनाई गई अमृत वाटिका में वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात ग्राम ढडारी में स्वयं सेवकों के साथ समाजसेवा के कार्य किए। वृक्षारोपण के साथ-साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढडारी के 100 मेधावी छात्रों को विश्वविद्यालय की ओर से टी-शर्ट और फलों का वितरण किया गया।*

*विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. शुभा तिवारी, एनएसएस अधिकारियों गिरिजेश जुयाल, गुरु ओम मनु, डॉ. आनंद पांडे, डॉ. कमलेश चौरसिया, प्रो. निकिता यादव, विश्वविद्यालय एनएसएस कार्यालय से भारती सिंह, शिवम, रूपेश विश्वकर्मा तथा स्वयंसेवक दीपक कुशवाहा, अजय, देशराज, जितेन्द्र कुशवाहा, मो. शमशाद आदि का दल ग्राम ढडारी पहुंचा एवं ग्रामवासियों से परिचय हुआ। विश्वविद्यालय का दल ग्राम की आंगनवाड़ी भी गया और फल भी वितरित किये। उल्लेखनीय है कि एनएसएस के माध्यम से विश्वविद्यालय ने ग्राम ढडारी को अपने संरक्षण में ले रखा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना, वैज्ञानिक सोच को विकसित करना, नई पीढ़ी में आत्मगौरव का भाव पैदा करना है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. शुभा तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने समग्र व्यक्तिव को विकसित करना चाहिए।*

*निष्ठावान रहना, सफाई का ध्यान रखना, मेहनत करना, प्रकृति से लगाव रखना तथा वैज्ञानिक सोच रखना, यह सभी आयाम एक विद्यार्थी के लिये आवश्यक है। समग्र विकास को ही विकास कहा जा सकता है।*

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 11 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# कैसे बचेगा लोकतंत्र

क्या मोदी सरकार के लिए लोकतंत्र, संविधान की व्यवस्थाओं, सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों की कोई अहमियत नहीं है। क्या मोदी सरकार हर उस फैसले को बदलेगी या पलटेगी, जिससे उसकी सत्ता पर कोई आंच आ सकती है। क्या देश पर 50 सालों तक शासन करने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए, सरकार संवैधानिक संस्थाओं को अपनी कठपुतली बनाने में जरा भी नहीं झिझकेगी। ये सारे सवाल दरअसल मानसून सत्र के दौरान आई एक खबर की उपज हैं। वैसे तो इस बार का मानसून सत्र मणिपुर मुद्दे पर हंगामे, राहुल गांधी की संसद में वापसी और सबसे अधिक मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के कारण खबरों में रहा है। लेकिन इन खबरों के शोर में कई जरूरी विधेयक सरकार ने आनन-फानन में पारित करवा लिए, इसकी खबर ही नहीं हुई। अब खबर आई है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्णय का उल्लंघन करते हुए मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण कब्जे की तैयारी में है। दरअसल 2024 के चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की शक्ति अपने हाथ में लेने के लिए सरकार नया विधेयक ला रही है। प्रस्तावित विधेयक में मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के पैनल से मुख्य न्यायाधीश का नाम हटाया गया है। विधेयक में तीन सदस्यीय पैनल में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सरकार के एक मनोनीत मंत्री हैं, मतलब साफ है कि मोदी सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति का संतुलन पूरी तरह अपने पक्ष में करना चाहती है। जबकि इससे पहले शीर्ष अदालत ने मार्च 2023 में कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सिफारिश पर की जाएगी। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि यह मानक तब तक लागू रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद द्वारा कानून नहीं बनाया जाता। लेकिन सरकार के इस ताजा कदम से यही अंदेशा होता है कि अब चुनाव आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्था को मोदी सरकार अपने इशारों पर चलाने की बदनीयत रखती है।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप मोदी सरकार पर सैकड़ों बार लगे। सरकार के पास इन्हें नकारने के लिए कोई संतोषजनक जवाब हैं भी नहीं। वैसे भी मोदी सरकार में जवाबदेही की परंपरा खत्म हो चुकी है। यहां सवाल के बदले या तो आरोप लगाए जाते हैं या फिर पुरानी बातों को उखाड़ कर नए सिरे से पेश किया जाता है। मणिपुर की गंभीर समस्या पर देश देख रहा है कि किस तरह सरकार जवाब देने में आनाकानी करती रही, प्रधानमंत्री मोदी संसद में आने से बचते रहे तो मजबूरन इंडिया को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। मंगलवार से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हुई और प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को संसद पहुंचे। उन्हें गुमान है कि बहुमत के कारण उनकी सरकार का कोई बिगाड़ नहीं हो सकता। लेकिन जिस पद पर वे बैठे हैं, वहां उन्हें बिगाड़ से ज्यादा ईमान की फिक्र करना चाहिए। प्रधानमंत्री से पहले उनकी सरकार के बाकी मंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर जो कुछ कहते रहे, उसमें मणिपुर की बात कम और अपनी सरकार की, प्रधानमंत्री की वाहवाही अधिक थी। क्या इस देश के लोगों ने भाजपा को बहुमत इसलिए दिया था कि वह देश में शांति और स्थिरता की बात छोड़कर अपनी तारीफें करती रहे। क्या भाजपा को या नरेन्द्र मोदी को अपने कामों पर इतना भरोसा नहीं है कि तारीफ का जिम्मा वो जनता पर छोड़ दें। 2014 के बाद 2019 में भी जनता को लगा कि भाजपा ही देश के लिए ठीक है, प्रधानमंत्री की कुर्सी पर फिर से नरेन्द्र मोदी को ही बैठना चाहिए, तो उसने फिर से भाजपा के पक्ष में वोट किया। अब 2024 की बारी है। लेकिन अब शायद नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विश्वास डगमगाने लगा है। इसलिए प्रधानमंत्री संसद में आने से कतराते रहे, विपक्ष के सवालों का सामना करने से बचते रहे। और अब ऐसा विधेयक लाने जा रहे हैं, जिससे निष्पक्ष चुनाव की संभावनाएं ही खत्म हो जाएंगी।

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पारदर्शिता और निष्पक्षता रहे, इसलिए ही शीर्ष अदालत ने प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के अलावा भारत के मुख्य न्यायाधीश के नाम को समिति में रखना तय किया था। इससे चयन प्रक्रिया में जरूरी संतुलन बना रहता। मगर अब तो यह फैसला एकतरफा ही रहेगा। अगर विधेयक कानून बन गया तो नेता प्रतिपक्ष समिति में अकेला पड़ जाएगा, क्योंकि प्रधानमंत्री के साथ उनकी कैबिनेट का कोई मंत्री समिति में शामिल होगा। इस तरह नेता प्रतिपक्ष के फैसले का कोई महत्व ही नहीं रहेगा। यूं भी अब पंच परमेश्वर वाला जमाना तो रहा नहीं, जहां फैसला करने की आसंदी पर बैठे इंसान से पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जाए। केबिनेट मंत्री हर हाल में प्रधानमंत्री की राय के साथ ही जाएगा, नेता प्रतिपक्ष के साथ नहीं। इस विधेयक के जरिए मोदी सरकार ने अपनी मनमानी प्रवृत्ति को खुलकर जाहिर कर दिया है। सरकार के इस रवैये से अब डरने और सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि अब तक लोकतंत्र के नाम पर जो थोड़ी बहुत पर्देदारी थी, वो सब खत्म हो चुकी है। सरकार अपने इरादों को सरेआम प्रकट कर रही है। अब इसके बाद एक ही चीज बची है। सरकार एक ऐसा विधेयक और ले आए, जिसमें केवल चुनाव आयुक्त ही नहीं, भारत के मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष, राज्यों के मुख्यमंत्री सब का चयन सरकार ही करेगी और ये फैसला भी सरकार लेगी कि कौन वोट देगा, कौन नहीं। इसके बाद लोकतंत्र की जननी जैसे जुमलों की जुगाली की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। लोकतंत्र किस चिड़िया का नाम है, ये भी लोग भूल ही जाएंगे।

वैसे भी लोगों की याददाश्त अब कुंद हो चुकी है। 9 साल पहले किए गए वादों का हिसाब जब जनता नहीं ले रही तो लोकतंत्र के बारे में प्रधानमंत्री ने कब, क्या कहा, ये भी क्यों याद रखेगी। वैसे कांग्रेस ने इस विधेयक का पुरजोर विरोध किया है। के सी वेणुगोपाल ने कहा है कि चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का प्रयास है। अरविंद केजरीवाल ने भी कहा है कि प्रधानमंत्री का संदेश साफ है कि सुप्रीम कोर्ट का जो आदेश उन्हें पसंद नहीं आएगा, उसे वो संसद में कानून लाकर पलट देंगे। विपक्ष के इन बयानों से जाहिर है कि उसे भाजपा की चालाकी समझ आ रही है। लेकिन सवाल ये है कि इस चालाकी का तोड़ विपक्ष कैसे निकालेगा। अभी 2024 के चुनाव में साल भर का वक्त है। इंडिया के पास तैयारियों के लिए अधिक समय नहीं है। अगर अभी से अपने सारे छोटे मोटे मतभेदों को किनारे कर इंडिया एकजुट होकर चुनाव में खड़ा होगा, तभी लोकतंत्र के बचने की कोई उम्मीद दिखेगी।

# हिंसा की संक्रामक प्रक्रिया को रोकने में हो सकती है डाक्टरों की भूमिका

■ डॉ अरुण मित्रा

देश के कई हिस्सों में हाल की घटनाओं ने भारतीय समाज के समझदार तत्वों की चेतना को झकझोर कर रख दिया है। आज़ादी के समय शिक्षा का स्तर बहुत निम्न था, गरीबी चरम पर थी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मात्र 2.7 लाख करोड़ था वह भी 34 करोड़ की आबादी के लिए, जो दुनिया की कुल जीडीपी का लगभग 3 फीसदी ही था। उस समय भी भारत के लोगों ने धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र पर आधारित संविधान को अपनाने का विकल्प चुना। यह इसके बावजूद था कि विभाजन के समय बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक दंगे हुए थे और दुनिया में अब तक का सबसे बड़ी जनसंख्या विस्थापन हुआ था।

इन घटनाओं ने भी सौहार्द्रपूर्ण समाज के लिए लोगों के निर्णय को नहीं रोका। बीच की कुछ घटनाओं को छोड़ दें तो देश के लोग तब से एक-दूसरे के प्रति बिना किसी नफरत के एक साथ रहते आ रहे हैं। अब, जब हम सभी क्षेत्रों में विकसित हो गये हैं और 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा कर रहे हैं, तो हमारे लोगों का एक वर्ग सांप्रदायिक आधार पर और दूसरों के खिलाफ नफरत से भर गया है और उनके मन में पूर्वाग्रह पैदा हो गया है।

समाज के एक वर्ग द्वारा विकसित की गई यह मानसिकता मानवतावाद की उस अवधारणा के खिलाफ है जिसके लिए भारत हमेशा खड़ा रहा है। जनता को कट्टरता, झूठे प्रचार और मनगढ़ंत इतिहास से बहकाया जा रहा है। जाति, धर्म, जनजाति, और जातीयता के आधार पर दूसरों के प्रति नफरत के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इससे दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा की हानि होती है।

इतिहास में दर्ज है कि भारत के विभाजन के समय सांप्रदायिक दंगों में 25 लाख से अधिक लोग मारे गए थे। वे हिंदू, सिख और मुस्लिम तीनों समुदायों के थे। नफरत अविश्वास को जन्म देती है जो आगे चलकर एक-दूसरे के खिलाफ हिंसा में तब्दील हो जाती है। हमने इसे 1984 में सिख विरोधी तथा 2002 में गुजरात में मुस्लिम विरोधी नरसंहार के दौरान देखा था।

ऐसी ही स्थिति कश्मीर में भी विकसित हुई जब अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों को आतंकवादी खतरे और राज्य सरकार के रवैये के तहत पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसलिए भारत में इस समय जो कुछ हो रहा है, वह कोई नई घटना नहीं है, बल्कि अतीत में ऐसी ताकतें जो करने की कोशिश करती रही हैं, उसका ही एक सिलसिला है। जिन अल्पसंख्यकों को हिंदुओं की बहुसंख्यक 80 फीसदी आबादी के लिए खतरा माना जा रहा है, उनके खिलाफ एक सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। मुसलमानों के तुष्टिकरण जैसे मिथक लोगों के दिमाग में घर कर गये हैं और यह भी कि वे मशरूम की तरह उगेंगे और चार पत्नियों से शादी करेंगे और जल्द ही हिंदू आबादी से आगे निकल जायेंगे। इस घृणा अभियान में तर्क या सबूत का अभाव है। ये बेतुके विचार इलेक्ट्रॉनिक टीवी मीडिया, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और कानाफूसी अभियानों के माध्यम से फैलाये जाते हैं। ऐतिहासिक धारावाहिक कहे जाने वाले कई टीवी धारावाहिकों का इस्तेमाल बहुत ही सूक्ष्म तरीके से झूठ और नफरत फैलाने के लिए किया जा रहा है।

**सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि हिंसक व्यवहार संक्रामक प्रक्रिया है और इससे समान तरीके से निपटना होगा। प्रेम, सहानुभूति, और दूसरों की देखभाल पर जोर देकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें। तर्क और प्रमाण पर बात करें। कमजोरों और वंचितों के प्रति विनम्र रहें और हमारे समाज में उन हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ दृढ़ रहें जो हमारे देश में सामाजिक सद्भाव के नाजुक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।**

ऐसी स्थितियों में महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। स्त्री के शरीर को संघर्षों में एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया है। मणिपुर की घटना, जहां महिलाओं को नग्न घुमाया गया और उनके साथ छेड़छाड़ की गई, को घृणा, क्रोध और हमारी सामाजिक व्यवस्था में गंभीर विचलन के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्थिति के प्रति राज्य की पूरी असंवेदनशीलता इस बात पर संदेह पैदा करती है कि क्या इन घटनाओं को राज्य के संरक्षण में किसी गुप्त उद्देश्य के साथ अच्छी तरह से योजनाबद्ध किया गया है। घृणा अभियान अपने आप नहीं रुकते।

अब हरियाणा में साम्प्रदायिक दंगे कराये गये हैं। नफरत फैलाने वाले खुलेआम घूम रहे हैं जबकि पीड़ितों पर अत्याचार किया जा रहा है। यूपी, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी ही घटनाएं होती रहती हैं। अगर अभी इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इससे गुजरात या मणिपुर के स्तर की बड़े पैमाने पर हिंसा हो सकती है।

जो ताकतें इस तरह के नफरत भरे अभियान चलाती हैं, वे हमेशा यह प्रयास करती रहती हैं कि वे कैसे जनता को अपने पक्ष में कर सकें। 1995 में देशभर में भगवान गणेश की दूध पीती प्रतिमा की घटना बेहद सफल परीक्षण थी। यह संदेश कुछ ही समय में पूरे देश में फैल गया, जबकि उस समय कोई सोशल मीडिया नेटवर्क नहीं था। जब लगा कि पूरा मिथक उजागर हो जायेगा तो यह तुरंत रुक गया। गौरतलब है कि इसके बाद गुजरात में हिंसा हुई थी। यह आश्चर्यजनक है कि महात्मा गांधी की भूमि पर ऐसी अभूतपूर्व हिंसा हुई।

ऐसी स्थितियों पर काबू पाने में डॉक्टर सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। समाज के स्वास्थ्य के संरक्षक के रूप में डॉक्टरों का कर्तव्य है कि वे अपनी बात कहें और उचित निर्णय लें। उन्हें आगे आना होगा और सद्भाव, प्रेम, और भाईचारे का प्रचार करने के लिए सम्पर्क कार्यक्रम बनाने होंगे। ऐसी स्थितियों में पीड़ित लोगों में आत्मविश्वास विकसित करने में डॉक्टर एक बड़ा साधन हो सकते हैं।

विक्टर फेंकल, एक ऑस्ट्रियाई मनोचिकित्सक, जो नरसंहार से बचे थे, ने नाजी एकाग्रता शिविरों में कैदियों को बेहतर भविष्य की आशा कभी नहीं खोने के लिए प्रेरित करने का एक महान काम किया। अपने लगातार प्रयासों से वह हिटलर के युद्ध हारने के बाद कई लोगों को मरने से बचाने और जीवित रहने में सक्षम बनाया था।

हमारी आवाज़ मायने रखती है। लेकिन हमारी चुप्पी पेंचीदा और कर्तव्य के प्रति लापरवाही हो सकती है। नफरत फैलाने वालों की लगातार धमकियों और राज्य की संदिग्ध भूमिका के बावजूद बदलाव आ रहा है। कई वैज्ञानिक जो अब तक शांत थे, मिथकों और अवैज्ञानिक विचारों को चुनौती देने लगे हैं। ताली और थाली बजाने वाले डॉक्टरों को अब एहसास हो गया है कि यह कोविड से छुटकारा पाने का वैज्ञानिक तरीका नहीं था। अंतत: हमें 1600 डॉक्टरों की जान की कीमत पर महामारी से लड़ना पड़ा। गौमूत्र या गोबर अभियान का कोई भी अभियान काम नहीं आया।

कई डॉक्टर इस बात को समझते हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि उन्हें बोलने की हिम्मत जुटानी चाहिए। घृणा अभियानों का राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर मुकाबला किया जाना चाहिए। डॉक्टरों को चुप नहीं बैठना है बल्कि देश को इस संकट से बाहर निकालने के उपाय खोजने हैं। डॉक्टर अपने मरीजों के साथ संवाद कर सकते हैं और नरम स्वर में प्यार और करुणा की बात कर सकते हैं जो हमारे पेशे का एक हिस्सा है। फिर उनसे उनकी भाषा में बात करें। हमें उन ताकतों की पहचान करने से नहीं कतराना चाहिए जो सौहार्द्र बिगाड़ने पर तुले हुए हैं। हमें यह समझना होगा कि इस तरह की हिंसा एक महामारी स्वास्थ्य समस्या है और इस प्रकार योजना बनायें जैसे हम अन्य बीमारियों के लिए करते हैं। प्राथमिक रोकथाम दृष्टिकोण स्थिति को खराब होने से रोकना है और हिंसा शुरू होने से पहले हिंसा को रोकना है। द्वितीयक रोकथाम जोखिम वाली आबादी और अंतर्निहित जोखिम कारकों को लक्षित करना है।

सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि हिंसक व्यवहार संक्रामक प्रक्रिया है और इससे समान तरीके से निपटना होगा। प्रेम, सहानुभूति, और दूसरों की देखभाल पर जोर देकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें। तर्क और प्रमाण पर बात करें। कमजोरों और वंचितों के प्रति विनम्र रहें और हमारे समाज में उन हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ दृढ़ रहें जो हमारे देश में सामाजिक सद्भाव के नाजुक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

समय आ गया है कि हम चुप्पी तोड़ें।

गलत के सामने कभी बगलें न झांकें।।

# खाद्य महंगाई के लिए सरकार की अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां जिम्मेदार

क्रिसिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार टमाटर, अदरक सहित तमाम सब्जियों, मसालों, दालों एवं चावल की कीमतों में वृद्धि की वजह से वेज थाली 34 फीसदी महंगी हो चुकी है, जबकि नॉन वेज थाली मात्र 13 फीसदी हुई है। देश में जून, जुलाई महिने के बाद लगातार तीसरे महिने अगस्त में खाद्य महंगाई अपने अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर रिकॉर्ड बना रही है। दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में टमाटर, हरी मिर्च, धनिया, अदरक अभी भी 200-250 रुपए के पार चल रहे हैं। आटा, दाल, दूध, मसाले सहित रोजमर्रा की तमाम जरूरी खाद्य सामग्रियों की कीमतें भी जुलाई महिने में अपने 'ऑल टाईम हाई' लेबल पर खेल रहीं हैं। आम आदमी बेबस और लाचार है, मगर सरकार मानने को तैयार नहीं है कि देश में महंगाई है? सरकार दावा कर रही है कि देश में थोक महंगाई दर पिछले 8 साल के निचले स्तर पर आ गई है।



डॉ. लखन चौधरी

**अब समय आ गया है कि धान उत्पादन के रकबा को हतोत्साहित करते हुए दलहन, तिलहन, दूध, फल, सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाये। इनके भंडारण की समुचित सरकारी व्यवस्था करनी होगी, जिससे महंगाई पर रोक लगाई जा सकती है। देश में भंडारण की व्यवस्था असल में निजी हाथों में है, जो जमाखोरी एवं कालाबाजारी जैसी अनैतिक व्यवस्थाओं को जन्म देकर मुनाफा वसूली करती हैं, जिससे महंगाई बेलगाम हो जाती है।**

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले देश के लगभग 55-60 करोड़ लोगों की रसोई का सारा खेल बिगड़ चुका है। गरीबों और मध्यमवर्ग की थाली से टमाटर, हरी मिर्च और हरी धनिया की चटनी गायब है। देश की आधी आबादी यानि लगभग 70-72 करोड़ लोग खाद्य महंगाई की चपेट में आ चुके हैं, लेकिन सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि देश में लगातार तीसरे महीने थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है। जून महीने में थोक महंगाई दर 4.12 फीसदी पर आ गई है। सरकार तर्क दे रही है कि जून में थोक महंगाई की दर में गिरावट मुख्य रूप से मिनरल ऑयल्स, खाने-पीने की चीजें, बेसिक मेटल्स, क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस और कपड़ों की कीमतें कम होने के कारण आई है।

सवाल उठता है कि आखिरकार बाजार की वास्तविक महंगाई और महंगाई के सरकारी आंकड़ों को लेकर इस कदर विरोधाभास क्यों है? यदि वास्तविकता में महंगाई दरें सामान्य हैं, तो फिर खाने-पीने की चीजों की कीमतें आसमान क्यों छू रहीं हैं? महंगाई को अक्सर आंकड़ों में दिखाने, प्रस्तुत करने, समझने की कोशिश की जाती है। ठीक है कि महंगाई की आंकड़ों की भाषा होती है, लेकिन इसके इतर आम जनजीवन पर महंगाई का व्यापक प्रभाव एवं असर होता है। महंगाई की वजह से आम आदमी के खान-पान, रहन-सहन एवं जीवन स्तर में गुणात्मक गिरावट आ जाती है। महंगाई का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। सामान्य महंगाई यानि मुद्रास्फीति से उत्पादकों को मुनाफा होता है, जिससे निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, लेकिन दीर्घकाल में उपभोक्ताओं पर इसका बुरा या नकारात्मक प्रभाव पढ़ता है। उपभोक्ताओं की वास्तविक आय घट जाती है, और अंतत: बाजार में मांग सिकुड़ने लगती है। इसकी वजह से उत्पादक इकाईयां बंद होने लगती हैं। कुल मिलाकर सामान्य से अधिक महंगाई सबके लिए हानिकारक ही होती है।

सरकार के अनुसार जून में खुदरा यानि फुटकर महंगाई 4.81 फीसदी पर पहुंच गई है। मई में यह 25 महीने के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर आ गई थी। सरकार का तर्क है कि जून में सब्जियों की ऊंची कीमतों के कारण महंगाई बढ़ी है। तेज गर्मी, असमय बारिश जैसी प्राकृतिक घटनाओं ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिससे सब्जियों के दाम बढ़े हैं। चूंकि प्रचलित महंगाई दर के निर्धारण में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है, लिहाजा खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो अगस्त महिने के बाद सामान्य हो जायेगी।

वैसे तो जुलाई के महिने में सब्जियों की कीमतें हमेशा अधिक हो जाती हैं। लेकिन इस बार आलू, प्याज को छोड़कर शेष सब्जियों ने जिस तरह से रिकॉर्ड तोड़ महंगाई पैदा की है, यह विचार-विमर्श का एक गंभीर मसला है। यद्यपि यह महंगाई बहुत कुछ प्राकृतिक कारणों की वजह से है, इसके बावजूद इस कमरतोड़ महंगाई के लिए कहीं न कहीं सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं।

दरअसल इस महंगाई की सबसे बड़ी वजह उत्पादन की कमी है। देश की 142 करोड़ की आबादी के लिए जितनी खाद्य वस्तुओं यानि रोजमर्रा की खाने-पीने की चीजों की जरूरत है, उस तादाद में देश में उत्पादन नहीं हो रहा है। कई चीजों का यदि उत्पादन है, तो ऊंचीं कीमतों के लालच में बड़े पैमाने पर निर्यात कर दिया जा रहा है। खाद्य महंगाई की सबसे बड़ी वजह मांग-पूर्ति का असंतुलन है। प्राकृतिक कारणों से उत्पादन प्रभावित होने की वजह से आपूर्ति बुरी तरह घटती जा रही है। जिसकी वजह से साल के कुछ महिनों जैसे जून-जुलाई, अक्टूबर-नवम्बर, मार्च-अप्रैल आदि में जलवायु परिवर्तन जैसे कारणों से सब्जियों, फलों, दूध, दाल, तेल आदि रोजमर्रा की जरूरी जिंसों के दाम आसमान छूने लगते हैं।

सरकार को दीर्घकालिक कृषि नीति बनाने की जरूरत है, जिस दिशा में सरकार का ध्यान केवल कागजी खानापूरी तक सीमित है। इसके लिए कृषि को उद्योग का दर्जा देकर कृषि में भारी सरकारी निवेश की दरकार है, जिससे देश की विशाल जनसंख्या के लिए जरूरत के अनुसार उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। फलों, सब्जियों इत्यादि के भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाने की वजह से इन मौसमों में होने वाली जमाखोरी और कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है।

अब समय आ गया है कि धान उत्पादन के रकबा को हतोत्साहित करते हुए दलहन, तिलहन, दूध, फल, सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाये। इनके भंडारण की समुचित सरकारी व्यवस्था करनी होगी, जिससे महंगाई पर रोक लगाई जा सकती है। देश में भंडारण की व्यवस्था असल में निजी हाथों में है, जो जमाखोरी एवं कालाबाजारी जैसी अनैतिक व्यवस्थाओं को जन्म देकर मुनाफा वसूली करती हैं, जिससे महंगाई बेलगाम हो जाती है। यानि सरकारी नीतियों की असफलता महंगाई के लिए न सिर्फ जिम्मेदार है, अपितु कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार की उदासीनता और कृषि क्षेत्र को लेकर अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां वर्तमान महंगाई की सबसे बड़ी वजह है।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

# युवा ही है विकास की प्रथम और अंतिम सीढ़ी

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस सन् 2000 से विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता रहा है। सन् 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसंबर को इसे मनाने के लिए प्रस्ताव लाया गया था। सन् 2000 में इसे पहली बार आयोजित किया गया। इस बार हम 23 वें अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के आयोजन से जुड़ रहे हैं। इसके आयोजन से पूर्व प्रतिवर्ष एक नई थीम लाई जाती है। पिछली बार 2022 में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की थीम-'अंतर पीढ़ीगत एकजुटता, सभी उम्र के लिए एक दुनिया बनाना रखी गई थी।' इस वर्ष 2023 में युवा दिवस की थीम - 'युवाओं के लिए हरित कौशल, एक सतत विश्व की ओर' रखी गई है। युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस की परिपाटी शुरू की। किसी भी राष्ट्र के निर्माण अथवा उसके विकास में सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका उस राष्ट्र के युवाओं की ही हुआ करती है। लोकतंत्र से लेकर अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी तथा चिकित्सा विज्ञान का विकास भी युवाओं के हाथ की लगाम है। वैश्विक मंदी तथा प्रदूषण, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं का समाधान भी युवा पीढ़ी के हाथों में ही है। इसमें कोई संशय नहीं की आज दुनिया का कोई भी देश यदि बीते कल को पीछे छोड़कर एक नई ऊर्जा के साथ अपना वर्तमान जी रहा है तो इसका श्रेय युवा पीढ़ी को ही जाता है। युवा शक्ति को सही दिशा मिल सके तो वह एक इतिहास लिख जाती है। इसके विपरीत गलत मार्गदर्शन संपूर्ण समाज के लिए विनाशकारी सिद्ध होता है।

किसी भी देश की असली ताकत उस देश के युवाओं के बलिष्ठ कंधों पर ही समाहित होती है। युवा पीढ़ी में ही वह शक्ति होती है जो किसी भी तरह के परिवर्तन कर दिखाती है। मानव सभ्यता को जब-जब अपने अस्तित्व के लिए नई दिशा की जरूरत महसूस हुई तब- तब उसने अपनी युवा पीढ़ी की ओर ही निहारा है। प्रत्येक युवा में दो खास विशेषताएं होती हैं। पहली - उसमें स्फूर्ति की और ऊर्जा का सैलाब होता है। वे कुछ भी कर गुजरने की शक्ति से लबरेज होते हैं। दूसरा- यह कि उन्हें उनके युवा काल में उतनी ठोकरें नहीं मिलती हैं कि वे जल्द ही निराश हो जाएं। तात्पर्य यह कि एक युवा का जीवन उसके मार्ग में आने वाली कठिनाइयों को ऐसे पराजित कर जाता है मानो वह कोई चुनौती थी ही नहीं। भारत वर्ष के संदर्भ में हर प्रकार के विकास और नवीन तकनीक की रीढ़ की हड्डी युवा वर्ग ही है। हमारे देश की जनसंख्या में बड़ा हिस्सा युवाओं का ही है। यही कारण है कि भारतवर्ष को युवाओं का देश कहा जाता है। हम अपने गुलामी के दिनों के इतिहास को खंगालें तो हमें जानकारी मिलती है कि- हमारी स्वतंत्रता की आधारशिला युवा कंधों पर ही रखी गई थी। शहीद-ए- आजम भगत सिंह से लेकर चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, सुभाषचंद्र बोस ऐसे अनेक नाम हैं, जिन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया कि भारतवर्ष और भारत मां की ओर उठने वाली विरोधी आंखें नोच ली जाएंगी।

आज के युवा को हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से सबक लेने की जरूरत है। उस वक्त के भारतीय युवाओं ने देश को कहां से कहां लाकर खड़ा कर दिया! मुझे फिल्मी गीत की कड़ियां इस संबंध में याद आ रही हैं जो कुछ इस तरह है - 'हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकाल के... इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के ...' आज इस बात की प्रबल जरूरत है कि देश का युवा अपनी जिम्मेदारी समझे! हम यह देख रहे हैं कि 21वीं सदी में हमारे देश का युवा भटका हुआ है! यूरोपीय संस्कृति ने उसे पथभ्रष्ट कर रखा है। आज का युवा देश की तरक्की नहीं बल्कि खुद की तरक्की के सपनों में खोया हुआ है। परमार्थ की जगह स्वार्थ उन पर पूरी तरह राज कर रहा है। जैसा कि इस वर्ष की थीम में कहा गया है- 'युवाओं के लिए हरित कौशल, एक सतत विश्व की ओर...' इसे पाने के लिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी से जुड़ना होगा। भारत विकासशील देश की श्रेणी में है। उसे विकसित राज्य की श्रेणी युवा कंधों पर टिकी देखी जा रही है। आज के युवा को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक सभी क्षेत्रों में रुचि लेने की जरूरत है। एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का फौलादी जिगर, दृढ़ इच्छाशक्ति, पराक्रम, धैर्य एवं संयम जैसे गुणों से परिपूर्ण होना जरूरी है।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# बच्चों को कुपोषण मुक्त बनता आंगनबाड़ी केंद्र

आज़ादी के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश जिन चुनौतियों का सामना कर रहा था उनमें बच्चों में कुपोषण की समस्या भी एक थी। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों में कुपोषण बहुत ज़्यादा थी। गरीबी और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाता था। जिसका असर बच्चों में देखने को मिलता था। इस समस्या से निजात पाने के लिए भारत सरकार द्वारा हर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खोला गया। जहां महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलकर महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। गर्भवती महिलाएं व बच्चों का पंजीकरण और टीकाकरण किया जाता है। आगे चलकर इसमें गांव की किशोरी बालिकाओं के लिए पैड्स भी उपलब्ध करवाई जाने लगी।

आंगनबाड़ी कार्यक्रम को भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को और उनकी मां को कुपोषित होने से बचाने के लिए भारत सरकार व बाल विकास सेवा कार्यक्रम के द्वारा शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत 6 वर्ष की आयु के 8 करोड़ बच्चों को सम्मिलित किया गया है। इस योजना का शुभारंभ केंद्र सरकार द्वारा 1985 में किया गया था। वर्ष 2010 के बाद राज्य सरकारें भी इसमें सहयोग देने लगी हैं। याद रहे कि लगभग 400 से अधिक जनसंख्या वाले स्थान पर एक आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना का प्रावधान है। जनसंख्या के आधार पर किसी ग्राम पंचायत में एक से अधिक आंगनबाड़ी खोला जा सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका इस केंद्र को संचालित करती हैं तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से इसे मूर्तरूप दिया जाता है। जिसे आईसीडीएस कहा जाता है। इसके सफल संचालन के लिए प्रत्येक 25 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता है जिसे मुख्य सेविका कहा जाता है। यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को कार्य से जुड़े मामलों में उनका मार्गदर्शन करती हैं।

लेकिन सरकार के सभी प्रयासों के बावजूद देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अपने उद्देश्य और लक्ष्य से पीछे नज़र आता है। जहां जागरूकता की कमी के कारण अभिभावक बच्चों को केंद्र तक नहीं पहुंचाते हैं और इसका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसा ही कुछ राजस्थान के जिला बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के ढाणी भोपालाराम गांव में देखने को मिला है। जहां माता-पिता अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र तक भेजने के इच्छुक नज़र नहीं आते हैं। इस केंद्र की आंगनबाड़ी सहायिका नरेश का कहना है कि 'हमें बच्चों के माता-पिता कहते हैं कि हमारे बच्चों को घर से आंगनबाड़ी लेकर आप खुद जाओ, और फिर बाद में उनको घर भी आप ही छोड़कर जाओगे।'

**भावना लूणकरणसर, बीकानेर राजस्थान**

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले हितानंद शर्मा

# कार्यकर्ता ही जीत का आधार

◆ भाजपा सरकार में महिलाएं आत्मनिर्भर हुईः सिंह

**पन्ना, देशबन्धु।** स्थानीय गल्ला मंडी प्रांगण क्र. 2 में भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेंलन संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहां की भाजपा किसी एक परिवार विशेष का दल नहीं बल्कि एक कार्यकर्ता आधारित दल है, क्योंकि हमारे यहां कार्यकर्ता ही संगठन की जान और पहचान होती है।

कार्यकर्ता के परिश्रम के बल पर हमें चुनावों में विजयी मिलती हैं। जिस तरह जीत के लिए एक-एक सीट महत्वपूर्ण होती हैं, ठीक उसी तरह एक-एक बूथ भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमारा हर बूथ मजबूत हो इसके लिए हमें मिलकर पार्टी के कामों को नीचे तक ठीक ढंग से क्रियान्वयन करना है। कार्यकर्ता जीतेंगे बूथ जीतेंगी भाजपा के संकल्प के साथ नीचे जाएं और पार्टी के विजय अभियान में जुटें। तत्पश्चात् कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष और सागर संभाग प्रभारी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा कि जिस प्रकार से सदियों पहले रावण ने माता सीता का हरण किया और हम हर साल बुराई के अंत के रूप में दशहरा के दिन उसका दहन करते हैं उसी प्रकार से हमें 55 साल की कांग्रेस जो देश के विनाश का कारण बनी है उसे नहीं भूलना चाहिए, और प्रदेश के विकास में जो सरकार भागीरथी साबित हुई है। तप्श्चात् सम्मेलन को क्षेत्रीय विधायक तथा खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को साकार करने के लिए मोदी सरकार ने ऐसे कदम उठाए हैं, जिनसे बेटियां न सिर्फ बच रही हैं बल्कि पढ़ भी रही हैं और आगे बढ़ भी रही हैं। आज देश की सशस्त्र सेनाओं से लेकर हर क्षेत्र में बेटियां बराबरी से काम कर रही हैं। जिन हितग्राहियों को मुद्रा लोन दिये गए हैं, उनमें 7 प्रतिशत बेटियां ही हैं। भाजपा सरकार बेटी के पैदा होने से लेकर उसकी पढ़ाई लिखाई और उसकी शादी से लेकर उसके परिवार चलाने तक की चिंता कर रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों को आत्मनिर्भर बनाया हैं। पर हमने और हमारी सरकार ने जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है और आगे भी हम विकास यूं ही करते रहेंगे।

कार्यक्रम में मंच में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया, जिला प्रभारी उमेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडेय, अजयगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता, आशा गुप्ता, विष्णु पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, बबलू पाठक, जय प्रकाश चतुर्वेदी, आशीष तिवारी, चंद्रप्रभा तिवारी और पन्ना विधानसभा में निवासरत सभी जिला पदाधिकारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन महामंत्री विवेक मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन विधानसभा प्रभारी उमेश निगम ने किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में अभिमन्यु विशेष अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट एवं दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट धारण करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ज्योति दुबे व ट्राफिक पुलिस स्टाफ द्वारा सरस्वति शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं के बीच सडक सुरक्षा, साइवर अभिमन्यु विशेष अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम किया गया।

## हथिनी अनारकली का किया सफल रेस्क्यू



**पन्ना, देशबन्धु।** एसडीआरएफएवं होमगार्ड की टीम द्वारा गुरूवार को मड़ला थाना अंतर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी में फंसी हथिनी अनारकली का सफल रेस्क्यू किया गया है। कलेक्टर हरजिंदर सिंह की सूचना पर जिला सेनानी होम गार्ड शालिवाहन पाण्डेय के मार्गदर्शन में राहत दल बचाव कार्य के लिए रवाना हुआ तथा प्लाटून कमाण्डर सत्यपाल जैन एवं संजय गौर के नेतृत्व में घटना स्थल पहुंचकर टीम द्वारा रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। कलेक्टर द्वारा निरंतर कार्य की मॉनिटरिंग की गई और चार घण्टे के अथक परिश्रम से हथिनी अनारकली का सफल रेस्क्यू हो सका। इस उपलब्धि पर कलेक्टर एवं पन्ना टाइगर रिजर्व के संचालक द्वारा होम गार्ड टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी गईं।

## सर्पदंश से मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत

**पन्ना, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोक अवस्थी द्वारा देवेन्द्रनगर तहसीलदार के प्रतिवेदन पर मकरीकुठार निवासी सुमित्रा गौड़ की सर्पदंश से मृत्यु पर निकटतम वारिस को चार लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के नवीन संशोधित प्रावधान अनुसार मृतका सुमित्रा गौड़ के पति दशरथ गौड़ को सहायता राशि स्वीकृत की गई है। सुमित्रा की विगत 27 जून को सर्पदंश के कारण इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

## बैंक खाते को आधार से लिंक करवाएं, ई.केवाइसी भी जरूरी

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लाभ के लिए सभी किसान भाईयों को अपना ई.केवाइसी एवं बैंक खाता आधार से लिंक कराना जरूरी है अन्यथा उक्त दोनों योजनाओं की किश्तों का भुगतान नहीं हो सकेगा। पीएम किसान योजना में पात्र किसान भाई, जिनके बैंक खाते आधार कार्ड से लिंक हैं, 6 हजार रूपये, सालाना राशि तीन किस्तों में सीधे हस्तांतरित की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत पीएम किसान मोबाइल एप पर फेस ऑथेंटिकेशन फीचर का उपयोग कर किसान ई केवाईसी कर सकते हैं। इसके साथ ही अन्य किसानों को भी उनके घर पर ई.केवाईसी करने में मदद कर सकते हैं।

## टोल फ्री नंबर पर कॉल कर मतदाता निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं

**पन्ना, दशेबन्धु।** मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर 180023301950 है। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, सहायता एवं शिकायत के लिए मतदाता कार्यालयीन समय पर टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। यह पूरी तरह से नि:शुल्क है। टोल फ्री नंबर के माध्यम से मतदाताओं की समस्या का त्वरित निदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर के साथ ही जिले में 1950 के कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं। मतदाता 1950 पर कॉल कर निर्वाचन से जुड़ी कोई भी जानकारी, शिकायत जिले में ही दर्ज करा सकते हैं। जिला स्तर पर ही उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। एक जिले से यदि कोई मतदाता दूसरे जिले के कॉल सेंटर पर फोन करते हैं तो उन्हें 1950 के आगे संबंधित जिले का एसटीडी कोड लगाना होगा। जिले में स्थापित किए गए कॉल सेंटरों की मुख्यालय स्तर से निगरानी भी की जा रही है।

# गंगा झिरिया में संपन्न हुआ आदिवासी गौरव दिवस



**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा स्तरीय आदिवासी गौरव दिवस पर्व पवई विधानसभा के गंगा झिरिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के प्रभारी जीवन पटेल, विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस के संगठन मंत्री पवन जैन, विधानसभा प्रभारी सेवालाल पटेल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राम भरोसे आदिवासी ने की। उपस्थित कांग्रेस जनों ने भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में आए दिन हो रहे आदिवासियों के ऊपर अन्याय अत्याचार की कड़ी शब्दों में निंदा की।

साथ ही कांग्रेस नेताओं ने आदिवासी पुरुष महिलाओं के साथ बैठकर सह भोज भी किया, तदोपरांत मसाल जुलूस निकालकर बीजेपी सरकार के खिलाफ तीखी नारेबाजी भी की गई। उक्त कार्यक्रम में किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रिटायर्ड एसडीओ इंजी. जवाहर लाल कुशवाहा, अरुण पाल सिंह बुंदेला, शाहनगर जनपद अध्यक्ष आशीष खरे, जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र प्रताप सिंह, गिरधारी लाल लोधी, जीरा बाई पटेल, प्रतिपाल पटेल, राघवेंद्र सिंह छोटेराजा, ज्ञान प्रकाश तिवारी, रम्मू मणी यादव, सरफराज फारूकी, अजय श्रीवास्तव, भारत सिंह आदिवासी, चैन सिंह आदिवासी, अजय देव बुंदेला सहित सैकडों कांग्रेस जन और आदिवासी पुरुष महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में पवई विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग रही।

# विवाद के बाद घर से निकली महिला, तलाश करते पति पहुंचा तो तालाब में कूदी

**भोपाल, देशबन्धु।** कमला नगर इलाके में रहने वाली एक महिला पति से विवाद के बाद खुदकुशी करने की धमकी देकर सैर-सपाटा पहुंच गई। पति ने इसकी सूचना पुलिस को दी और खुद भी पत्नी को तलाश करते हुए सैर सपाटा पहुंच गया। लेकिन यहां महिला की नजर जैसे ही अपने पति पर पड़ी तो उसने तालाब में छलांग लगा दी। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने एक युवक की मदद से उसे सकुशल बाहर निकाल लिया और समझाइश के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार राहुल नगर में रहने वाली 25 वर्षीय महिला का मंगलवार की शाम अपने पति से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि महिला गुस्?से में खुदकुशी की धमकी देते हुए घर से निकली और स्कूटर लेकर सैर सपाटा पहुंच गई। पति ने इस संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना दी। बताया कि पत्नी खुदकुशी की धमकी देकर सैर सपाटा की तरफ गई है और फोन भी नहीं सुन रही है। इस सूचना के बाद हवलदार इंद्रजीत, आरक्षक महेंद्र, सुनील और जसवंत धाकड़ पति को लेकर उसे खोजते हुए सैर-सपाटा पहुंचे।

यहां महिला की स्कूटर खड़ी मिली। पुलिसकर्मी आसपास के इलाके में उसकी खोजबीन करते हुए लोगों से पूछताछ कर रहे थे। तभी महिला सैर सपाटा के पास तालाब के किनारे बैठी हुई नजर आई। लेकिन उसने जैसे ही अपने पति को आते देखा तो तालाब में छलांग लगा दी। यह देख वहां मौजूद एक युवक उसे बचाने के इरादे से तालाब में कूद गया। युवक की मदद से पुलिसकर्मियों ने महिला को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसके पेट में पानी भर गया था। लिहाजा मौके पर ही पेट दबाकर पानी निकाला गया तो महिला होश में आ गई। बाद में पुलिस ने महिला को समझाइश देकर परिजनों को सौंप दिया।

# मां और दादी के बीच सो रहे मासूम पर छत का प्लास्टर गिरा, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** निशातपुरा थाना इलाके में घर में मां और दादी के साथ सो रहे एक वर्ष के बच्चे पर छत से प्लास्टर का टुकड़ा टूटकर गिर गया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मासूम को परिजन तुरंत पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच की। वहीं हादसे में बालक की दादी को भी चोट लगी है, लेकिन वह खतरे से बाहर है।

निशातपुरा थाने के एसआइ बीपी विश्वकर्मा ने बताया कि कोलार का रहने वाला घनश्याम राजोरिया करोंद स्थित अटल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में एंबुलेंस चलाने का काम करता है। अस्पताल में नौकरी करने के कारण घनश्याम परिवार के साथ रतन कालोनी में किराए के मकान में रहने लगा है। यहां घनश्याम के साथ उसकी पत्नी और मां के अलावा एक वर्ष का बेटा यश भी रहता था। बीती रात घनश्याम ड्यूटी पर अस्पताल चला गया था। घर में मासूम यश अपनी मां और दादी के साथ सो रहा था। तड़के करीब चार बजे अचानक कमरे की छत से प्लास्टर का टुकड़ा उखड़कर यश और उसकी दादी पर गिर पड़ा। सीने पर प्लास्तर का टुकड़ा गिरने से यश बेसुध हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बदहवास धनश्याम घर पहुंचा और बेटे को एंबुलेंस से अस्पताल लाया। लेकिन वहां जांच करने के बाद चिकित्सक ने यश को मृत घोषित कर दिया। इकलौते बच्चे की मौत से राजौरिया परिवार में मातम का महौल है। पुलिस मर्ग दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# बाजार से पैदल घर लौट रहे युवक को बस ने रौंदा

**भोपाल, देशबन्धु।** गुनगा थाना इलाके में बाजार से पैदल घर लौट रहे एक युवक को तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग निकला। हालांकि पुलिस ने बस की पहचान कर ली है और अब उसकी तलाश कर रही है।

गुनगा थाना प्रभारी रमेश राय ने बताया कि ग्राम बांदीखेड़ी निवासी 30 वर्षीय रीतेश पुत्र गोविंद जाट निजी काम करता था। बीती रात को वह ग्राम रतुआ में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गया था। रात आठ बजे वहां से वह पैदल अपने घर लौट रहा था। इस दौरान पीछे से आ रही महादेव ट्रैवल्स की तेज रफ्तार बस ने उसे कुचल दिया। दुर्घटना होते ही राहगीर मदद के लिए दौड़े। इसी बीच कुछ लोगों ने बस पर पथराव शुरू कर दिया, लेकिन चालक बस लेकर वहां से भाग निकला। इसके बाद रीतेश को पास के अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां चिकित्सक ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज कर महादेव ट्रैवल्स की बस की तलाश कर रही है।

## ननि के कचरा वाहन से टकराई मोटर साइकिल, 3 घायल

**भोपाल, देशबन्धु।** वीआईपी रोड स्थित राजा भोज की प्रतिमा के पास नगर निगम का कचरा वाहन बुधवार की दोपहर को सड़क किनारे खड़ा था। तभी एक मोटर साइकिल सवार युवक खड़े वाहन में पीछे से आकर टकरा गया। इस हादसे में मोटर साइकिल चला रहे युवक को गंभीर चोट आई है, जबकि पीछे बैठी दो महिलाएं भी घायल हो गई। तीनों को उपचार के लिए हमीदिया अस्पातल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के कचरा वाहन के कर्मचारी वीआईपी रोड पर राजा भोज की प्रतिमा के पास फुटपाथ पर लगे कूड़ेदान से कचरा उठाकर गाड़ी में भरने का काम कर रहे थे। इसी बीच मोटर साइकिल सवार युवक गाड़ी में पीछे से आकर टकरा गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि गाड़ी पर पीछे बैठी महिलाएं भी जख्मी हो गईं। 108 की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की सूचना पर , कोहेफिजा पुलिस ने प्राथमिकी मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल किसी के भी खिलाफ प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। हादसे में घायल मोटर साइकिल की पहचान करण सिंह नवासी बैरागढ़ के रूप में की गई है, जबकि उसकी गाड़ी पर विनिता और प्रेम बाई भी बैठी थीं।

## सेवानिवृत्त अफसर के बेटे ने चिकित्सक से 50 लाख रुपए हड़पे

**भोपाल, देशबन्धु।** कोहेफिजा इलाके में एकसेवानिवृत्त अफसर के बेटे ने भूखण्ड बेचने का झांसा देकर एक निजी अस्पताल के संचालक चिकित्सक को पचास लाख रुपए की चपत लगा दी। बताया गया है कि आरोपी ने सरकारी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एएसआई राम प्रकाश सिंह ने बताया कि डॉक्टर अल्ताफ मसूद फतेहगढ़ में मैक्स केयर चिल्ड्रन हॉस्पिटल का संचालन करते हैं। उन्हें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहेफिजा में अपना एक अन्य हॉस्पिटल खोलना था। इस दौरान उनकी मुलाकात ओमप्रकाश नायक से हुई थी। नायक ने उन्हें बताया था कि उनके पिता अरविंद प्रकाश नायक मध्य प्रदेश शासन में बड़े पद पर पदस्थ रहे हैं। इसलिए उन्हें 1983 में हाउसिंग बोर्ड से एक भूखण्ड आवंटित हुआ था और उस भूखण्ड को वह बेचना चाहते हैं। बाद में दोनों के बीच करीब एक करोड़ 65 लाख रुपए में सौदा तय हो गया। इसका अनुबंध कर चिकित्सक ने ओमप्रकाश को अग्रिम राशि के रुप में 50 लाख रुपए भी दिए थे। इसमें में से तीस लाख रुपए नगद जबकि बीस लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। बाद में चित्सिक को पता चला कि आरोपी युवक ने हाउसिंग बोर्ड के उक्त भूखण्ड के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें बेचा है। इतना ही नहीं इससे वह कई लोगों को भूखण्ड बेच चुका है। चिकित्सक ने रकम लौटाने को कहा तो आरोपी ने आना कानी शुरू कर दी। कुछ समय बाद उसने रकम लौटाने से इनकार कर दिया। इस मामले को लेकर चिकित्सक ने थाना पुलिस को लिखित में आवेदन देकर शिकायत की थी। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

30 अगस्त तक होंगे आयोजन

# 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू, वीरों को देंगे श्रद्धांजलि




**हर गांव में लगाए जाएंगे 75-75 पौधे**

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के दौरान घोषित मेरी माटी मेरा देश अभियान आज से पूरे देश में शुरू हो गया है। इसके लिए आज से पूरे देश में प्रारंभ हो गया है, इसके तहत आज से 30 अगस्त तक गांव और ब्लॉक स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पत्र सूचना कार्यालय (पीईबी) भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो की प्रदेश की विभिन्न इकाईयों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा इंदौर में 22 से 24 अगस्त और रायसेन में 23 से 25 अगसत तक एकीकृत संचार आउटरीजच कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

श्री पाठराबे ने बताया कि 16 अगस्त 23 से ब्लॉक, नगर पालिका निगम और राज्य स्तर पर कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे हैं। अभियान का समापन समारोह नई दिल्ली में 30 अगस्त को होगा। जिसमें देश के गांवों की मिट्टी को ब्लॉक स्तर से लाया जाएगा और प्रत्येक ब्लॉक के स्वयंसेवकों के साथ मिट्टी को राजधानी लाया जाएगा। स्वयंसेवक कर्तव्य पथ पर एकत्रित होंगे राजधानी में इस मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी और प्रधानमंत्री स्वयंसेवकों को पंच प्रणों की प्रतिज्ञा दिलाएंगे।

श्री पाठराबे ने अभियान में सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए बेवसाईट लांच होने की जानकारी दी। बताया गया कि जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। ऐसा करके वे राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पंच प्राण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं। प्रतिज्ञा लेने के बाद भागीदारी का एक डिजीटल प्रमाण पत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

नेहरु युवा केन्द्र के राज्य निदेशक सुरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत मप्र में पंचायत स्तर के हर गांव में 75-75 पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान में वीरों को याद करने के लिए प्रदेश भर मं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी स्मृति में ग्राम पंचायातों में शिलाफलकम स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही पंच प्रण संकल्प, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन जैसी पहल भी इस अभियान में शामिल है, जो बहादुरों के वीरतापूर्ण बलिदानों को नमन करेंगी। श्री शुक्ला ने कहा कि इस अभियान के तहत दिल्ली में अमृत वाटिका बनाने के लिए यात्रा निकाली जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए प्रबिद्धता का प्रतीक होगी।

# नगरीय निकायों के 17 हजार पेंशनर्स की महंगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि



**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य सरकार के पेंशनर्स को महँगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भी प्रदेश के नगरीय निकायों के सातवें वेतनमान अनुसार पेंशन प्राप्त कर रहे 17 हजार पेंशनर्स की महँगाई राहत में 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे पेंशनर्स को हर महीने न्यूनतम 400 से 4 हजार रूपये तक का फायदा होगा।

महँगाई राहत में की गई वृद्धि का भुगतान पेंशनर्स को एक जुलाई 2023 से किया जायेगा एवं माह अगस्त में ही रक्षाबंधन के पूर्व ही पेंशनर्स को एक महीने की बढ़ी हुई महँगाई राहत राशि के एरियर्स का भुगतान भी किया जायेगा। नगरीय निकायों के पेंशनर्स को एक अक्टूबर 2022 से 33 प्रतिशत महँगाई राहत मिल रही थी, जिसमें 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के परिणामस्वरूप अब कुल महँगाई राहत 38 प्रतिशत हो गई है।

इसी प्रकार नगरीय निकायों के जिन पेंशनरों को छठवें वेतनमान अनुसार पेंशन मिल रही थी, की महँगाई राहत में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे उनकी महँगाई राहत राशि भी 201 प्रतिशत से बढ़कर 212 प्रतिशत हो गई है। महँगाई राहत में यह वृद्धि किये जाने के परिणामस्वरूप पेंशन निधि पर 1.25 करोड़ रूपये प्रतिमाह अतिरिक्त वित्तीय भार आयेगा।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता, मीडिया पैनलिस्ट और मीडिया विभाग के सदस्यों की नियुक्ति

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट एवं प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्यों की नियुक्ति की है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि बृजगोपाल लोया रायसेन, मिलन भार्गव भोपाल एवं गुलरेज शेख उज्जैन को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। शिवम शुक्ला सीधी, श्रीमती मंजरी जैन विदिशा, श्रीमती वंदना 'मार्तण्ड' त्रिपाठी भोपाल, एडव्होकेट सचिन वर्मा भोपाल को प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रेम व्यास इंदौर एवं बृजराज सिंह ग्वालियर को प्रदेश मीडिया विभाग का सदस्य नियुक्त किया है।


**कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर ( म.प्र. )**
Tel. 07582-236278, Fax 07582-236278, E-mail : ccfre.sgr@mp.gov.in

**द्वितीय ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर के अधीन रोपणी कार्यों एवं निर्माण कार्यों हेतु वर्ष 2023-24 (दिनांक 31.08.2024 अथवा आगामी निविदा होने तक जो भी पश्चातवर्ती होगा) लगने वाली निम्नानुसार रोपणी उपयोग/भण्डार सामग्री के लिये ई-निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं www.mpforest.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु. 1500.00 तथा सत्यांकर की राशि रुपये 1,50,000 (एक लाख पचास हजार रुपये मात्र) है, निविदायें ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेंगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

**अनुमानित मात्र का विवरण**

1. सामग्री क्रय हेतु निविदा की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।

**निविदा प्रपत्र**

| क्र. | सामग्री का नाम | इकाई | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 7.50 एच.पी. सोलर पैनल पंपिंग सिस्टम कम्प्लीट सेट (स्पेसीफिकेशन अनुसार) | नग/सेट | 1 |
| 2 | सेन्सर सीलर स्ट्रीट लाईट कम्प्लीट सेट 20, 24 एवं 30 वाट (स्पेसीफिकेशन अनुसार) | नग/सेट | 79 |
| 3 | पोलीथिन बैग 15X25 से.मी. | प्रति कि.ग्रा. | 10000 |

2. निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date and time | 11-08-2023 10.00AM | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है |
| Document Download Tender Sale Start Date and Time | 14-08-2023 10.00 AM | |
| Bid Submission Start Date and Time | 16-08-2023 11.00 AM | |
| Bid Submission Close Date and Time | 31-08-2023 01.00 PM | |
| Bid Openning Date and Time | 01-09-2023 04.00 PM | |

वन संरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर

जी-18114/23

### इसरो के हर मिशन को देखा लाइव, खगोल वैज्ञानिक बन कर करेगा देश की सेवा

# स्वनिर्मित रॉकेट लांच करना चाहता है प्रतिभाशाली युवा प्रखर



विष्णु दयाल श्रीवास्तव




टीकमगढ़। जिले की पलेरा तहसील अंतर्गत ग्राम लारोन निवासी 16 वर्षीय युवा प्रखर विश्वकर्मा शीघ्र ही स्वनिर्मित रॉकेट लांच करने की तैयारी कर चुका है। प्रखर द्वारा रॉकेट लांच करने की अनुमति प्रशासन से लेने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रखर ने बताया कि शीघ्र ही उन्हे अनुमति प्राप्त हो जाएगी। प्रखर का कहना है कि वह खगोल वैज्ञानिक बन कर देश की सेवा करना चाहता है। अभी कुछ दिन पहले ही सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्री हरि कोटा आंध्र प्रदेश में चंद्रयान 3 की लांचिग में वह शामिल होकर आया है। वहां प्रखर ने अपने स्वनिर्मित रॉकेट और इंजन के बारे में वैज्ञानिकों से जानकारी ली थी। बुंदेलखंड क्षेत्र से प्रखर विश्वकर्मा ने भी चंद्रयान 3 की लॉचिंग को प्रमोचन दीर्घा से देखा था। प्रखर बताते है कि वह शुरू से ही अंतरिक्ष प्रेमी हैं, और इसरो के हर मिशन को उन्होंने मोबाइल टीवी पर लाइव देखा है। प्रखर का कहना है कि यह अवसर जो मुझे इसरो द्वारा दिया गया है इसने मेरी अंतरिक्ष के प्रति रुचि दोगुनी कर दी है। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में जाकर प्रखर ने कई वैज्ञानिकों से मुलाकात करते हुए स्पेस गैलरी को भी देखा है। प्रखर ने बताया कि वो भी 2 साल के अंदर अपना स्व विकसित मिसाइल लॉन्च करने का प्रयास कर रहा है, इसके लिए वह री लांच या रीयूजवल मिसाइल की तकनीक पर वह निरंतर काम कर रहा है। यह अंतरिक्ष के क्षेत्र में उसका छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। प्रखर विश्वकर्मा के पिता का नाम रघुनंदन विश्वकर्मा है और माता का नाम अरुण कुमारी है। प्रखर जिले की पलेरा तहसील के लारोन गांव के रहने वाले है एवं अपनी पलेरा के मॉडल स्कूल में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत कर रहे हैं। अभी प्रखर एस्ट्रोनौटिक इंस्टिट्यूट में स्पीकर के तौर पर कार्य कर रहे हैं। इसमें उनको खगोल विज्ञान के बारे में सभी लोगों को जानकारी प्रदान करनी होती है। प्रखर इंडियन स्पेस टीम में प्रोपुलशन विभाग में भी कई रिसर्च कर चुके हैं। उन्होंने स्वयं ही अपना एक रॉकेट तैयार किया है और खुद का इंजन भी तैयार किया है।

# बालिका से छेड़खानी के आरोपी को 3 वर्ष का कठोर कारावास

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवीकर्ता विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट नर्मदांजलि दुबे ने बताया कि उक्त मामला थाना पृथ्वीपुर का था। पीड़िता के माता-पिता दोनों मजदूरी करने रोहतक हरियाणा गये थे। अपनी बच्ची (पीड़िता) एवं उसके भाई को घर छोड़ गये थे। दिनांक 19/04/2021 को दोपहर 1 बजे पीड़िता ने आकर अपनी दादी को बताया कि संदीप चाचा ने उसे गोदी में बिठाकर उसके साथ गलत हरकतें (छेड़खानी) की है। जब उसकी दादी इस संबंध में अभियुक्त संदीप के घर उलाहना देने गई तो अभियुक्त संदीप एवं उसकी मॉ ने उसके साथ गाली-गलौच कर लाठी से मारपीट कर दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता की दादी के द्वारा एक लिखित आवेदन थाना पृथ्वीपुर में प्रस्तुत किया गया, जिसके आधार पर उप निरीक्षक नम्रता गुप्ता द्वारा थाना के अपराध क्रमांक 222/2021 अंतर्गत धारा 354, 232, 294, 509 भादवि एवं धारा 9/10, 11/12 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त संदीप के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखवद्ध कर प्रकरण का अनुसंधान किया गया। अनुसंधान के दौरान अभियोक्त्री एवं साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। अभियोक्त्री की उम्र से संबंधित दस्तावेज जप्त किये गये। संपूर्ण अनुसंधान उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध विचारण चलाये जाने हेतु अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा कुल 07 साक्षीगण को परीक्षित कराया गया एवं कुल 11 दस्तावेजों को प्रदर्शित कराया गया। प्रकरण में संपूर्ण विचारण उपरांत माननीय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट टीकमगढ़ श्री ए.पी.एस चौहान द्वारा निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त 23 वर्षीय संदीप समेले पुत्र सुरेश पुरोहित निवासी गिदखिनी जिला निवाड़ी को दोषसिद्ध ठहराते हुए धारा 323 भादंसं के अपराध में 6 माह का कठोर कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट के अपराध में 3 वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

## अंजनी माता के मंदिर में किया ध्वजारोहण एवं पौधरोपण

**मोहनगढ़, देशबन्धु।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा में ध्वजारोहण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद मिश्रा ने बताया कि ग्राम से एक किलोमीटर दूर अंजनी माता का मंदिर है। मंदिर के प्रांगण में ध्वजारोहण कर के वृक्षारोपण कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। जनपद पंचायत जतारा के एसडीओ सतेन्द्र यादव ने बताया कि जनपद जतारा की हर पंचायत में यह कार्यक्रम चल रहा है। श्री यादव ने ग्राम पंचायत मालपीथा के सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद मिश्रा की सराहना करते हुए कहा कि अपने जीवन में हर व्यक्ति को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस कार्यक्रम में एसडीओ सतेन्द्र यादव, सब इंजीनियर राजेन्द्र कोरी, सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद मिश्रा, राजीव गंगेले, विजय पस्तोर, संजय गंगेले, बृजेश रावत जनपद उपाध्यक्ष, रामनारायण समेले, बृजविहारी समेले, मनोज दुबे, रुपेश समेले, सौरभ गंगेले पत्रकार, रानू यादव, प्रकाश सेन आदि ग्राम के लोग शामिल हुए।

# महिलाओं और बालिकाओं पर घटित अपराधों को रोकने छात्रों को किया जागरुक




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 01/08/2023 से 15/08/23 तक बालिकाओं/महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर (विशेषकर पुरुषों को) जागरूक करने हेतु विशेष जागरूकता अभियान मैं हूँ अभिमन्यु का दूसरा चरण संचालित किया जा रहा है, जिसमें चुप न रहें, आवाज उठाएं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी नीरज लोधी के नेतृत्व में दिगौड़ा पुलिस द्वारा नगर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड पर बालिकाओं/महिलाओं पर घटित अपराधों के संबंध में छात्रों को संपूर्ण जानकारी देते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, अशिक्षा, लिंगभेद के चक्रव्यूह को तोड़ने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने हेतु सभी को जागरूक किया गया एवं अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही पुरुषों द्वारा अभिमन्यु स्टेंडी के साथ सेल्फी ली गई। इस कार्यक्रम में एएसआई कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक अवधेश खरे, सादिक खान, प्रभु सिंह, आरक्षक अजय दांगी, राजेश सिंह सहित नगर व ग्रामों के कई लोग उपस्थित रहे।

# महेन्द्र सागर तालाब और सड़कों की बदहाली पर जताई चिंता



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बदहाल तालाब बेहाल सड़क और समस्याओं का शहर में फैला जाल आम लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। बेतहाशा वाहनों के बीच होती दुर्घटनाएं शहर की यातायात व्यवस्था को चिढ़ाती नजर आ रही है। बाजारों में बढ़ते अतिक्रमण ने आम जनजीवन को परेशान कर रखा है। गली-चौराहों की संकीर्णता और अव्यवस्थाओं के कारण शहर के सूरत-ए-हाल बद् से बद्त्तर हो चले हैं। इन तमाम मुद्दों पर नगर के समाजसेवी संगठन मानवीय संवेदना समिति ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने इन तमाम बातों से बीते रोज नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार (पप्पू मलिक) को अवगत ही नहीं कराया बल्कि उन्हें मौके पर बदहाल सडकों का नजारा भी दिखाया। कटरा बाजार में समिति के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपने के साथ ही समस्याओं से रूबरू कराया तथा उन्हें शीघ्र दूर करने का आग्रह किया। इस दौरान अध्यक्ष श्री मलिक ने भी समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा है कि जिला अस्पताल चौराहे एवं कलेक्ट्रेट और नगर के बीच रास्ते पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है, जिसमें पैदल चलने बालों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। श्री कठैल ने कहा कि कटरा बाजार में लगभग तीन माह पूर्व पाईन लाइन बदली गई थी, जिसके गड्ढे अब तक नहीं भरे गये हैं। जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती हैं, जिन्हें भराया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा महेन्द्र सागर तालाब से जल कुंभी हटाने की सराहनीय पहल की गई थी लेकिन अब फिर से तालाब में चारों ओर जलकुंभी फैली हुई है, जिस कारण यहां आने वालों को नहाने आदि में परेशानी होने लगी है। नगर का हृदय स्थल महेन्द्र सागर तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, जिसको सहेजने की जिम्मेदारी नगर पालिका ले और जलकुंभी को पूरी तरह साफ कराया जाए। शहर में एक ऑडीटोरियम का निर्माण कराया जाना है। यह कार्य प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही के कारण अब तक शुरू नहीं हो सका है। नगर पालिका प्रशासन से मांग की जाती है कि आडीटोरियम के लंबित पड़े कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाए, जिससे युवाओं एवं नगरवासियों को इसका लाभ मिल सके। ज्ञापन में कहा गया है कि कटरा बाजार में स्थित सब्जी मण्डी के बाहर बनाई जा रही दुकानों को पूर्ण कराकर क्रमानुसार उन्हीं दुकानदारों को दी जाएं, जिनकी यह दुकानें पूर्व में थीं। उन्होंने कहा कि नगर के वार्ड नंबर 13 में पूर्व पार्षद लक्ष्मण रैकवार के मकान के पीछे नाली टूटी होने से यहां आए दिन हादसे होते रहे हैं। लोगों को यहां असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार उन्होंने अन्नपूर्णा होटल के सामने पाईप लाईन में लीकेज होने की समस्या से भी नपाध्यक्ष को अवगत कराया। नगर पालिका अध्यक्ष श्री मलिक ने इन तमाम समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा करने के साथ ही अन्य लोगों से भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 13 सहित अन्य समस्याओं को भी दूर करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर मानवीय संवेदना समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र योगी, सचिव मनीराम कठैल, विनोद राय, इरफान अहमद, हरि नारायण गुप्ता, रामचरण अहिरवार, सतीश सूत्रकार, घनश्याम दास मीरचंदानी, बंशी सिंधी, साबिर खान, जगदीश सीरौटिया, ओम प्रकाश रावत सहित पार्षद पूनम जायसवाल, हबीब राईन, बाबी व्यास सहित अनेक दुकानदार एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

## मानवीय संवेदना समिति ने नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, बाजार में अतिक्रमण से जनता रेशान

# बिजली सुधारने गए युवक की करंट लगने से मौत



## परिजनों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**जतारा, देशबन्धु।** खराब पड़ी बिजली को बुधवार की रात्रि में सुधारने गया एक युवक लौटकर घर नहीं आया। गुरुवार की सुबह विद्युत ट्रांसफार्मर के पास मृतक अवस्था में युवक का शव मिलने के बाद लोगों में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिजनों ने बिजली बिभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि थाना जतारा अंतर्गत ग्राम कंदवा निवासी 35 वर्षीय युवक महेंद्र पुत्र मूलचंद रैकवार बुधवार की रात बिजली सुधारने गया था। मृतक के भाई महेश रैकवार ने बताया कि रात को गया उसका भाई लौटकर घर नहीं आया तो सुबह परिजनों ने उसको खोजना शुरु किया। खोजबीन के दौरान महेंद्र रैकवार गांव के बाहर लगे ट्रांसफॉर्मर के पास मृत अवस्था में परिजनों को मिला। परिजनों द्वारा इस घटना की सूचना थाना जतारा पुलिस को दिए जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर गांव के बाहर जमीन पर रखा हुआ था तथा तार टूटे हुए पड़े थे। इसकी जानकारी बिजली बिभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के होने के बाद भी सुधार नहीं किए जाने के कारण उक्त हादसा घटित हुआ है। परिवार के सदस्य की असमय मौत से गुस्साए परिजनों ने बिजली बिभाग के लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

### पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण करके किया महारुद्राभिषेक का पूजन

# माँ जगदंबे के दरबार में आयोजित कथा में टूटा धनुष, श्रीराम विवाह में जमकर नाचे भक्त



**दिगोड़ा, देशबन्धु।** नगर के किला प्रांगण में स्थित माँ जगदंबे मंदिर में बुधवार की देर शाम 7 बजे से आयोजित श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम विवाह धूमधाम से मनाया गया। दिन में कई महिलाओं व पुरुषों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण भी किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में अनेक भक्तों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया गया। किला प्रांगण में बुधवार की शाम 7 बजे से माँ जगदंबे के दरबार में कथा वाचक पंडित श्री चंद्रभूषण पाठक जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमय श्रीराम कथा भक्तों को सुनाई जा रही है। कथा को सुनने के लिए पंडाल में बच्चों युवाओं महिलाओं पुरुषों व बुजुर्गों की भारी भीड़ रही। बुधवार को भगवान श्रीराम विवाह धूमधाम से मनाया गया। कथावाचक पंडित चंद्रभूषण पाठक जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा में भक्तों को पुष्प वाटिका, सीता स्वंयवर, धनुष टूटना, श्री सीताराम विवाह की कथा सुनाई गई। कथा को सुनने के लिए ग्रामवासी सहित अनेक क्षेत्रवासी कई ग्रामों से आए थे। कथा के दौरान धार्मिक भजनों पर महिलाओं सहित पुरुषों ने जमकर नृत्य किया गया। इसके साथ ही गुरुवार को सुबह से मां जगदंबे के दरबार में असंख्य पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण एवं महारुद्राभिषेक पूजन का धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन पंडित महेंद्र शुक्ला आचार्य के नेतृत्व में पंच पंडितों द्वारा विष्णु शुक्ल, रविकांत चतुर्वेदी, आलोक दुबे, धीरेंद्र शास्त्री के मंत्रोच्चारण द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण व महारुद्राभिषेक का पूजन कराया जा रहा है। आचार्य महेंद्र शुक्ला ने बताया है कि यह धार्मिक आयोजन 6 अगस्त से किया जा रहा है, जिसमें भक्तों के द्वारा अभी तक लगभग 7 लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में दिगौड़ा सहित कई ग्रामों से बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों के द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया जा रहा है।

### सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया भोलेनाथ का अभिषेक

# सावन में शिव की महिमा का विशेष महत्वः आचार्य सत्येंद्र





**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्रीश्री 1008 हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में आयोजित 21 लाख पार्थिव शिवलिंग एवं मानस प्रवचन के आयोजन में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आचार्य सत्येंद्र शास्त्री जी महाराज ने सावन माह मैं भगवान शिव का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि सावन का महीना भगवान शंकर का प्रिय महीना माना जाता है। सावन माह में श्रद्धालु भगवान शंकर का विशेष पूजन अर्चन करते हैं। धार्मिक ग्रंथों में बताया गया है श्रावणे पूजयेत शिवम अर्थात सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा, आराधना और जप-तप करना विशेष रूप से फलदाई होता है। सावन के महीने में भगवान शिव अपने भक्तों पर जल्द प्रसन्न होकर सारी मनोकामनाएं पूरी करते है। सावन के महीने में शिव मंदिरों में भगवान शिव की पूजा उपासना के लिये भक्तों का तांता लगा रहता है। भगवान शिव का जलाभिषेक और सावन सोमवार का व्रत भी इसी महीने में रखा जाता है। आचार्य सत्येंद्र शास्त्री जी महाराज बताते हैं कि सोमवार के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नित्यकर्मों को पूरा कर स्नानादि कर निवृत्त हो जाएं। इसके बाद पूजा स्थल पर बैठकर चौकी पर भगवान शिव और पार्वती का चित्र स्थापित कर पवित्रीकरण करें, बेलपत्र, भांग, धतूरा, सफेद फूल, दूध, दही, घी, मक्खन, अक्षत चंदन, अबीर, गुलाल आदि से पूजन करें। भगवान शंकर का जलाभिषेक करें। ईर्ष्या द्वेष अपने मन में ना रखें। सावन माह में ब्रम्हचर्य आदि का पालन करना चाहिए। लहसुन, प्याज, मांस, मदिरा आदि का त्याग करना चाहिए। अपने घरों में मिट्टी का शिवलिंग बनाकर भगवान शंकर का रुद्राभिषेक करें। शिव शंकर को घी, शक्कर प्रसाद का भोग लगाएं। महामृत्युंजय मंत्र और ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जाप करें।

## महा मृत्युंजय मंत्र का करें जाप

आचार्य सत्येंद्र शास्त्री जी महाराज बताते हैं कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान शिव के कई मंत्र हैं। विशेष रूप से महामृत्युंजय मंत्र है 'ऊँ त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम, उर्वारुकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात' अर्थात हम त्रिनेत्र को पूजते हैं, जो सुगंधित हैं, हमारा पोषण करते हैं, जिस तरह फल शाखा के बंधन से मुक्त हो जाता है। वैसे ही हम भी मृत्यु और नश्वरता से मुक्त हो जाएं।

## दयालु और कृपालु हैं भगवान भोलेनाथ

आचार्य सत्येंद्र शास्त्री जी महाराज ने बताया कि सावन में शिव की पूजा अर्चना करने से भक्तों के सभी कष्टों का नाश होता है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान शिव दयालु और कृपालु हैं। वह भक्तों की उपासना से जल्द ही प्रसन्न हो जाते हैं। शिव की आराधना के लिए सोमवार का दिन उत्तम माना गया है। भगवान शिव को भोले शंकर, गंगाधर, नीलकंठ आदि नामों से भी पूजा जाता है।

## सार समाचार

### डिप्थीरिया प्रभावित ग्राम में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत किया गया निरीक्षण



**दमोह देशबन्धु।** सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत शून्य से 2 वर्ष के टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को डोज लगाने के साथ 5 साल तक के ऐसे बच्चे जिन्हे एम.आर.टीका नहीं लगा है, उनको टीकाकृत करने का कार्य किया जा रहा है। सीबीएमओ पथरिया डॉ ई. मिन्ज ने सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत बोतराई ग्राम में डिप्थीरिया प्रभावित हरिजन मुहल्ला एवं आदिवासी बाहुल्य जमुनिया ग्राम में लगाये गये सत्रों का निरीक्षण किया। इन सत्रों में ड्यू लिस्ट अनुसार स्वास्थ्य सेवा प्रदाता टीकाकरण कार्य करते हुए पाये गये।

### महिला जैन मिलन नगर शाखा ने किया वृक्षारोपण



**दमोह देशबन्धु।** वृक्ष लगाओ देश बचाओ के अंतर्गत महिला जैन मिलन नगर शाखा क्षेत्र क्रमांक 10 विशाल वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। शाखा ने शिव नगर कॉलोनी में नवीन जिनालय के पास गार्डन में वृक्षारोपण किया एवं जैन मिलन की सभी शाखों के सदस्यों को आमंत्रित किया सभी ने मिलकर वृक्षों का रोपण किया तभी शाखा की अध्यक्ष वीरांगना सुप्रिया जैन ने वृक्षों का महत्व समझाते हुए बताया कि वृक्ष और पौधे धरती का हृदय होते हैं वृक्ष पृथ्वी के पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं वृक्ष हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्षारोपण आयोजन में शाखा की सभी सदस्य मौजूद रहे जिसमें अध्यक्ष वीरांगना सुप्रिया जैन वीरांगना संगीता जैन कोषाध्यक्ष वीरांगना श्वेता नायक प्रचार मंत्री वीरांगना पूजा जैन राष्ट्रीय संयोजिका वंदना सराफ क्षेत्रीय संयोजिका रिंकी जैन मौजूद रहे।

### सिग्रामपुर में स्थाई कर्मी सुरक्षा श्रिमिक की हुई बैठक

**दमोह देशबन्धु।** जिला अध्यक्ष बब्लू ठाकुर द्वारा संघ की बैठक ली गई जिसमे अन्य विषय पर चर्चा हुई भोपाल में 22.08.2023 को स्थाई कर्मी. सुक्षाश्रमिक, कम्प्यूटर आपरेटरो, वाहन चालको एवं समस्त शासयकीय विभागो में कर्यरत स्थायी कर्मचारियो के सातवा वेतन मान एवं अनुकम्पा नियुकिती तथा शासकीय कर्मचारियों को समान मूल-भूल सुविधाये प्रदान की जाये एवं वन विभाग में सुरक्षा श्रमिक जिनका भुगतान समितियों के माध्यम से किया जाता है। उनकी स्थाई कर्मी वनाया जाये एवं समस्त कमचारियों के पेंशन का लाभा दिया जाये। जिसके उपरांत नियुक्त पत्र दिये गये जिला सचिव सुखलाल रजक सिंग्रापुर रेंज एवं राम दुबे को सहसचिव नियुक्त किया गया। जिसमें अध्यक्ष बब्लू ठाकुर की उपस्थि में रानू यादव, संतोष खरे, राजा ठाकुर, जवाहर रैकवार, हीरा लाल यादव, परम रैकवार, विजय सिंह, प्रेम सिंग, उमा रानी, रामधर यादव, भगवान मरावी, रानी, खुमान सिंग, भगवान सीग उपस्थि रहे।

### युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक बने दीपक जैन

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव , युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया प्रदेश प्रभारी सोशल मीडिया दिव्यांश गिरिधर, सोशल मीडिया प्रदेश चौयरमेन अखिलेश शर्मा व युवा कांग्रेस प्रदेश संगठन



मंत्री प्रशांत पाराशर की अनुशंसा पर युवा कांग्रेस के नेशनल चौयरपर्सन मनु जैन ने पथरिया निवासी दीपक जैन को संगठन में महत्पूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया, डॉ.विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में सीधी से झाबुआ तक 2200 किलोमीटर की यात्रा में 20 दिन दीपक जैन यात्रा में सम्मिलित रह यात्रा की सोशल मीडिया जैसी महत्पूर्ण जिम्मेदारी को निभाया। नियुक्ति उपरांत सोशल मीडिया पर प्रमुख रूप से कांग्रेस दमोह जिला अध्यक्ष रतन चंद जैन, पूर्व विधायक प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राव ब्रजेन्द्र सिंह,रत्नेश सोनी सहित सैकड़ों प्रियजन ने शुभकामनाएं दी।

# शासकीय योजनाओं से संबंधित कार्य को लंबित न रखा जाएं : कलेक्टर



**दमोह देशबन्धु।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं बी.एल.सी.सी. की बैठक कलेक्टर मयंक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक नरेंद्र सोनी एसबीआई एवं जिले के सभी विभाग एवं सभी बैंक शाखाओं की सहभागिता रही। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी बैंकर्स से कहा शासकीय योजनाओं से संबंधित कार्य को लंबित न रखें, प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाये।

कलेक्टर अग्रवाल ने शासन की विभिन्न स्व-रोजगार मूलक योजनाओं की बैंकवार प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से सहायक महाप्रबंधक दीपक शर्मा, नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक विकास जैन, मध्यांचल ग्रामीण बैंक के सहायक महाप्रबंधक, डायरेक्टर आरसेटी दमोह एवं नगर पालिका दमोह से अरशद खान, एन आर एल एम के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## लाड़ली बहनों के खाते में आई तीसरी किस्त



**दमोह देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रीवा भ्रमण संबंधी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हटा नगरपालिका में आज देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाड़ली बहना योजना के तहत तीसरी किस्त की राशि लाड़ली बहनों के खातों में अंतरण की।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की लाड़ली बहनों से संवाद किया। नगरपालिका हटा में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक, सीएमओ राजेन्द्र खरे, रीतेश अग्रवाल, नजीर अहमद सिद्दीकी, जनप्रतिनिधि तथा नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राहियों की उपस्थिति रही ।

## जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थानों में अनिवार्य रूप से हो भारत माता पूजनः बजाज



**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के दमोह जिले के उपाध्यक्ष अमित बजाज गोलू भैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम दमोह के डिप्टी कलेक्टर के लिए ज्ञापन सौंप कर मांग करते हुए कहा है की सम्पूर्ण देश ने पन्द्रह अगस्त 1947 को लगभग एक हजार वर्ष की गुलामी/स्वतंत्रता के बाद स्वतता के लिए लाखो बलिदान के बाद भारत स्वाधीन हुआ था। वर्तमान में विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को भारत के स्वतंत्रता के मूल्यों से परिचय कराने के उद्देश्य से भारत माता का पूजन अति आवश्यक है, वर्तमान परिवेश में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को यह ज्ञात होना अति आवश्यक है कि स्वतंत्रता किस प्रकार से प्राप्त की गई एवं बलिदानियों ने भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए किस संकल्प के हेतुक से अपने प्राणों का उत्सर्ग किया, भारत माता का पूजन हमें वह चिरजीवी संकल्प को याद दिलाता है जिसे हेतुक से लाखों बलिदानियों ने भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए सहर्ष ही अपने प्राणों का उत्सर्ग कियाद्य शिक्षण संस्थानों में भारत माता का पूजन कराया जाना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि भारत माता के प्रति वह संकल्प जो हमारे पूर्वज, क्रांतिकारी, बलिदानी, महापुरुष लिए हुए थे।

श्री बजाज ने कहा है कि दमोह जिले के प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों मदरसा सहित अनिवार्य रूप से भारत माता पूजन एवं अखंड भारत का संकल्प लिया जाए। जिससे कि हमारी आने वाले पीढ़ी में मां भारती को अखंड बनाने एवं देशभक्ति का भाव जागृत हो। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने कहां कि 14 अगस्त को अखंड भारत स्मृति संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दल प्रमुख रूप से भाजपा युवा नेता संजय गौतम भाजपा सोशल मीडिया के जिला संयोजक संदीप शर्मा, ओम रैकवार अभिषेक राय, ओम रैकवार, निहाल राजपूत, कपिल राजपूत, गौरव जैन, सुमित गुप्ता, विशु वर्मा, कार्तिक रैकवार, विनय मांझी, संगीत सोलंकी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। उक्त जानकारी निहाल राजपूत के द्वारा दी गई है।

## ग्रामीण अंचलों में किया जनसंपर्क कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को गिनाया



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी के सुपुत्र महिपाल सिंह राजा ने राजघाट, बीजाडोगरी,गूडा , मुडारी, खेरो, बराखार में जनसपंर्क किया एवं दु:खद परिवार में पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं महिपाल सिंह ने आम जन को कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के 15 माह की शासन काल की योजनाओ के बारे अवगत कराया और आने वाले विधानसभा चुनाव कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं को 1500 प्रतिमाह, किसानों को 5 एचपी के का बिल माफकिया जाए घरेलू उपभोक्ता के लिए 100 यूनिट माफ 200 यूनिट हाफबिल दिया जाएगा, किसानों की कर्जमाफी की जाएगी वृद्धा पेंशन 1000 की जाएगी ओल्ड पेंशन लागू की जाएगी युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा ऐसी कई योजनाएं कांग्रेस सरकार बनते ही लागू की जाएगी साथ मे भगवत सिंह लोधी, मान सिंह, देवेंद्र सिंह आकाश यादव, आदि समस्त कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री ने बहनों के खाते में जमा की तीसरी किस्त, पहुंचे विधायक



**दमोह देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना के अंतर्गत तीसरी किस्त जारी की गई यह किस्त मुख्यमंत्री के कार्यक्रम रीवा से मुख्यमंत्री जी के द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से बहनों के खाते में राशि डाली गई। नगर परिषद तेंदूखेड़ा में जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी पहुंचे और मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का संबोधन बहनों के साथ सुना इस दौरान जबेरा विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी इस राशि को बढ़ाकर ?3000 तक करेंगे । विधायक ने नगर परिषद तेंदूखेड़ा में विभिन्न कार्यों के लोगों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किए जिसमें वार्ड क्रमांक 13 में मदन की कुलिया से रिपटा तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत राशि 39.19लाख वार्ड क्रमांक 12 में रज्जू जैन से तहसील तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य लागत राशि 27.34 लाख इस दौरान जबेरा विधायक ने मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहालय के सदस्यों को सामग्री वितरित की। एवं ग्राम पंचायत समदई मुख्यमंत्री जी के द्वारा चलाई जा रही चरणों पादुका योजना के अंतर्गत सदस्य को सामग्री वितरित की एवं विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री निरंतर आप सभी की सेवा के लिए तत्पर हैं और निरंतर गरीब कल्याण हितैषी योजनाएं निरंतर संचालित कर रहे हैं।

## संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास की समरसता यात्रा का कुम्हारी में हुआ भव्य स्वागत



**दमोह देशबन्धु।** समरसता यात्रा कटनी जिले से दमोह के कुम्हारी पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में स्वामी छिप्रेरेश्वर महराज, यात्रा प्रभारी प्रवीण मेश्राम, अजय मे श्राम, बसंत, शारदा प्रसाद सहित सभी अतिथियों का पुष्प मालाओ और गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा चरण पादुकाओ तथा कलश का पूजन किया गया। साथ ही ध्वज पूजन भी किया गया। इस अवसर पर वेयरहाउस कॉपोरेशन एवं लॉजिस्टिक अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, विधायक पी एल तंतुवाय, पूर्व विधायक उमा देवी खटीक एवं सोना बाई, डॉ आलोक अहिरवार, लक्ष्मण तिवारी, कमलेश तिवारी, रवि पटेल, ग्राम की सरपंच रश्मि यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक पी एल तंतुवाय ने यात्रा के कुम्हारी पहुँचने पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में कहा यह सन्त रविदास समरसता यात्रा हैं। यहाँ सभी वर्ग के जन मौजूद हैं, सभी का स्वागत हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी ने संकल्प लिया और सागर में 100 करोड़ की लागत से संत शिरोमणि श्री रविदास मंदिर निर्माण किया जा रहा हैं। जिसका शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया जायेगा। यात्रा का ग्राम कुम्हारी में पहुंचने पर मध्यप्रदेश वेयरहाउस कॉपोरेशन एवं लॉजिस्टिक अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, विधायक पी एल तंतुवाय, पूर्व विधायक उमा देवी खटीक एवं सोना बाई, डॉ आलोक अहिरवार, लक्ष्मण तिवारी, कमलेश तिवारी, रवि पटेल, ग्राम की सरपंच रश्मि यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिको, अधिकारी-कर्मचारियों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत किया।

### भगवती मानव कल्याण संगठन व पुलिस की संयुक्त कार्यवाई

## गांजे के हरे भरे पेड़ पकड़ाए



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा हजारी में पुलिस व भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों की मदद से कार्यवाही की गई संगठन के सदस्यों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हाथ भले ही कानून के लंबे होते हो लेकिन जानकारी इनकी पक्की होती है पथरिया थाना अंतर्गत ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें संगठन के सदस्यों ने शराब फैक्ट्री विस्फोटक पदार्थ गांजा सहित ऐसे कई प्रकरण बनवाए हैं जिनमें भारी मात्रा में अवैध सामग्री पकड़े गई है नहीं तो पुलिस द्वारा 22 - 25 क्वार्टर का मामला दर्ज कर अपनी डायरी की खानापूर्ति कर ली जाती है संगठन के सदस्यों की सूचना के आधार पर सदस्यों व पुलिस बल ने पथरिया के ग्राम सेमरा हजारी में दबिश देते हुए एक खेत पर लगे गांजे के हरे पेड़ पकड़ाए। हरे गांजे के पेड़ों की संख्या 19 बताई जा रही है यह सभी गांजे के पेड़ ग्राम सेमरा हजारी के बोतराई मौजा में परसलाल पाल उम्र 52 वर्ष के खेत पर करीब 5 से 6 साल से लगे हुए थे पेड़ काफी वजनदार है जब पुलिस द्वारा इन पेड़ों का वजन किया गया तो करीब 170 किलो के आसपास पाया गया। थाना अंतर्गत ऐसे बड़ी कार्यवाही में पुलिस की सराहना हो रही है उक्त मामले में गांजे के पेड़ जप्त करने के बाद आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा वहीं उक्त प्रकरण में अपराध क्रमांक 00/23 और धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

वही जनचर्चा का विषय भी बना हुआ है कि इतने दिनों से पेड़ लगें रहे पर किसी को कोई जानकारी नही फिर तो क्षेत्र में और भी ऐसी जगह होगी। वही इस संबंध में भगवती मानव कल्याण संगठन ब्लाक अध्यक्ष खिलान पटेल बताया कि बोतराई मौजा के सेमरा गांव में लगी एक खेत में गांजे की खेती पकड़ी थी, जिसमें पुलिस का सहयोग रहा, ऐसे ही पथरिया में जगह-जगह अवैध कारोबार चल रहे हैं जिस पर भगवती मानव कल्याण संगठन लगाम लगाने के लिए कार्यरत है। वही इस संबंध में थाना प्रभारी रजनी शुक्ला का कहना है कि सेमरा हजारी गांव के पारस लाल के खेत में गांजे की खेती पकड़ी गई जिसका वजन 170 किलोग्राम है, एफआईआरदर्ज कर ली व न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**अधीर रंजन लोकसभा से....** से निलंबित करने की घोषणा कर दी। सदन में जब उनके निलंबन का यह प्रस्ताव पारित हुआ, उस समय अधीर रंजन चौधरी सहित कांग्रेस और अन्य कई विपक्षी दलों के सांसद मौजूद नहीं थे क्योंकि वे प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान ही सदन से वॉकआउट कर गए थे। इससे पहले भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सदन में खड़े होकर अपने कृत्य के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वे अपने नेता के अपमान को सहन नहीं कर पाए इसलिए ऐसा कर गए और वे अपने व्यवहार के लिए माफी मांगते हैं।

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति....** प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश वाले पैनल की सलाह पर किया जाएगा। वहीं, केंद्र सरकार एक ऐसा कानून बनाने के लिए यह विधेयक लाई है, जिसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका नहीं होगी। राज्यसभा में लाए गए इस विधेयक के मुताबिक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री की समिति की सिफारिश के आधार पर की जाएगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका तय की थी।

**आयोग को कठपुतली बनाने....** आयोग को प्रधान मंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का जबरदस्त प्रयास। सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा फैसले का क्या,जिसमें एक निष्पक्ष पैनल की बात कही गई है? उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री को पक्षपाती चुनाव आयुक्त नियुक्त करने की अउवश्यकता क्यों महसूस होती है? यह एक असंवैधानिक,मनमाना और अनुचित विधेयक है- हम हर मंच पर इसका विरोध करेंगे। वहीं कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनिकम टैगोर ने ट्वीट कर कहा, (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी और (केंद्रीय गृहमंत्री अमित) शाह ईसीआई को नियंत्रित करना चाहते हैं,जैसा कि वे अब कर रहे हैँ। सभी लोकतांत्रिक ताकतों को इसका विरोध करना चाहिए।

**मणिपुर में एक और दुष्कर्म....** बावजूद मुझे जबरदस्ती नीचे गिरा दिया गया। इसके बाद उन्होंने मेरा यौन उत्पीड़न करना शुरू कर दिया... उन्होंने हिंसक तरीके से मेरे निजी अंग में अपनी उंगलियां डाल दीं। मदद के लिए मेरे चिल्लाने के बावजूद किसी से कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद कुछ और लोग उनके साथ शामिल हो गए। उस समय, मैं बेहोश हो गई थी। बाद में जब मुझे होश आया, तो मैंने खुद को एक घर में कुछ मेइती लोगों से घिरा हुआ पाया। चुराचांदपुर जिले की महिला ने गुरुवार को बिष्णुपुर महिला थाने में एफआईआर और एक अलग विस्तृत शिकायत दर्ज की, जिसमें 3 मई को हुई भयानक घटना का विवरण दिया गया, जिस दिन पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा भड़की थी।

**आरबीआई ने रेपो दर....** को काबू में करने में सक्षम है। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑनलाइन भुगतान को बढ़ावा देने के लिए छोटे डिजिटल भुगतान की सीमा 200 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन कर दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) और यूपीआई लाइट सहित ऑफलाइन मोड में छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान के लिए आरबीआई ने प्रति लेनदेन 200 रुपए की सीमा और 2000 रुपए की समग्र सीमा निर्धारित की है। इस मोड से लेनदेन का चलन तेजी से बढ़ने के बाद से लगातार ट्रांजेक्शन सीमा में बढ़ोतरी किए जाने की मांग होती रही है।

आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर का अनुमान बढ़ाकर 5.4 फीसदी कर दिया है। दूसरी तिमाही में रिटेल महंगाई दर 6.2 फीसदी, तीसरी तिमाही में 5.7 फीसदी और चौथी तिमाही में 5.2 फीसदी रहने का अनुमान रह सकता है। आरबीआई गवर्नर ने ये भी बताया कि महंगाई आरबीआई के टार्गेट से ज्यादा रही है लेकिन आरबीआई 4 फीसदी की महंगाई दर हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

**यूट्यूब चैनलों पर सामग्री के....** ऐसी सामग्री को ब्लॉक करने की सिफारिश भी कर सकते हैं।' हाल ही में, केरल में यूट्यूब चैनलों में भारी उछाल आया है, जो कई विषयों पर सामग्री प्रसारित करते हैं और कभी-कभी तो स्थिति बदतर भी हो गई है। अनवर का यहां के एक लोकप्रिय यूट्यूब चैनल प्रस्तोता के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा है।

**बहनों के साथ अन्याय नहीं....** में नवीन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं 2 एफ, 2 जी एवं 2 एच टाइप आवास गृहों के निर्माण कार्य, माधो सदाशिवराव डिग्री कॉलेज रीवा में 6 व्याख्यान कक्ष का निर्माण, श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में बालक-बालिक पीजी सीटस् वृद्धि, कोल भवन का निर्माण, जिला पंचायत अतिरिक्त भवन निर्माण, रीवा सिरमोर मेन रोड से गर्गन टोला मार्ग का निर्माण, सिरमोर मेन रोड से मलेहान टोला बाया तिबरियान टोला से सगरा मार्ग निर्माण, रीवा मनकहारी रोड से हरिहरपुर एप्रोच मार्ग निर्माण, जेपी मोड़ से ग्राम दुआरी, दुबारी-तुर्करा-बनकुईया रोड से श्रद्धानगर करिहा रेलवे स्टेशन रीवा रोड के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री ने शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज का निर्माण एवं जिर्णोद्धार, माधव सदाशिव कॉलेज रीवा में नवीन निर्माण एवं जीर्णोद्धार, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय नवीन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय कन्या पीजी कॉलेज रीवा नवीन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य, उत्कृष्ट विद्यालय में 100 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण, जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय 100 सीटर बालक छात्रावास का निर्माण, श्यामशाह चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय रीवा में 100 से 150 सीट वृद्धि- 250 सीटस् यू.जी. कन्या, 100 सीटर इंनटर्न बालक, 100 सीटर इनटर्न बालिका छात्रावास का निर्माण, भावरा से खम्हरिया चोबान सड़क निर्माण, एनएच-37 से कंचनपुर मार्ग निर्माण, मडी से उमरी मार्ग निर्माण का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

# वोटों की फसल काटने के लिए भाजपा ले रही मंदिर, भगवान और संतों का सहारा : केके मिश्रा

## विकास कार्यों में 50 प्रतिशत कमीशन खाने वालों को धर्म, हिन्दुत्व, संतों, महापुरूषों के नाम पर यात्रा निकालने का नैतिक और संवैधानिक अधिकार नहीं



**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने सागर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में भाजपा और मप्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के उस मुखिया को नैतिकता के आधार पर धर्म, हिंदुत्व, संतों और महापुरूषों के नाम पर यात्रा निकालने का अधिकार नहीं है जिस सरकार पर विकास कार्यों और सामाजिक समरसता को ध्वस्त करने और 50 प्रतिशत कमीशन के आरोप साबित हो चुके हैं। वोटों की फसल काटने के लिए बीजेपी और शिवराज सिंह लेते हैं मंदिर, भगवान और संतों का सहारा। मप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सागर दौरे के ठीक पहले यहां पहुंचकर पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पत्रकार वार्ता का आयोजन जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी तथा ग्रामीण अध्यक्ष डॉ.आनंद अहिरवार ने संयुक्त रूप से किया। पत्रकार वार्ता में प्रदेश मीडिया विभाग उपाध्यक्ष अवनीश बुंदेला, प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर, शहर कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी व अवधेश तोमर के अलावा पूर्व विधायक व जबलपुर प्रभारी सुनील जैन, शहर प्रभारी अंजू बघेल, जिला संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। केके मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री के मप्र दौरे को लेकर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत स्थानीय मंत्रियों के भ्रष्टाचार के मामले में भी जमकर हमला बोला। कहा कि मप्र कानून व्यवस्था की दृष्टि से बद से बदतर राज्य के रूप में अपनी सहभागिता दर्ज करा चुका है। एनसीआरबी के तमाम आंकड़े कांग्रेस के इस आरोप को साबित करने के लिए पर्याप्त हैं। चाहे महिलाओं, अजा और अजजा के प्रति अत्याचार हो, बलात्कार, गैंगरेप, गैंगरेप के बाद बहनों की हत्या, राशन मानिफयाओं का जोर, शराब, लकड़ी, रेत यह सभी माफिया एक समानांतर सरकार के रूप में चुनौती दे रहे हैं और सबसे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि पूरे प्रदेश में हर आरोपी को सरकार का ही संरक्षण प्राप्त हो रहा है। सागर में युवक के चेहरे पर मैला लगाया गया, विदिशा में एक बच्ची की आत्महत्या में भाजपा नेताओं के नाम सामने आये, मुख्यमंत्री ने उन्हें बचाया। सीधी में जिस तरह आदिवासी भाई के मुंह पर पेशाब कांड की घटना हुई, आरोपी से पहले भाजपा ने किनारा किया और बाद में चेहरा सामने आने के बाद आदिवासी समाज से डरकर, अपने पापों को छिपाने के लिए मुख्यमंत्री ने पैर पकड़ने का स्वांग रचा। सागर संभाग आज पूरी तरह कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को चुनौती दे रहा है, जिस तरह के अपराध यहां राजनीतिक आधार पर पनप रहे हैं और सरकार से जुड़े मंत्रियों, विधायकों और भाजपा नेताओं का उन्हें संरक्षण प्राप्त हो रहा है। ऐसे आरोपियों को न्यायपालिका द्वारा दंडित करने के पहले प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, क्लीन चिट देकर अपराधियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। सीधे तौर पर उनका यह कृत्य न्यायपालिका को चुनौती देने वाला है क्योंकि जो काम न्यायपालिका को करना है, उसके पूर्व गृह मंत्री समांतर न्यायपालिका संचालित कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि पटवारी भर्ती परीक्षा के दौरान जो भी गड़बड़ियां सामने आई हैं, उसमें पूरी तरह भाजपा की राजनीति से जुड़े लोग शामिल हैं। जिस तरह योग्य प्रतिभाओं का उनकी जिंदगी में अंधेरा परोस कर इस व्यापम पार्ट. 3 के माध्यम से अपमान किया गया है, उस गठजोड़ में पूरी तरह शिक्षा माफिया, दलाल, राजनेता, नौकरशाह और सरकार में बैठे लोगों का एक गठजोड़ शामिल है। आखिरकार क्या कारण है कि व्यापम पार्ट.1 में भी ग्वालियर चंबल संभाग से जुड़े भाजपा नेताओं और नौकरशाहों के चेहरे सामने आए थे और व्यापम पार्ट. 2 भी पूरी तरह इसी संभाग के भाजपा से जुड़े नेताओं के माध्यम से साकार हुआ है। सरकार की नियत पर एक सवालिया निशान यह भी लग रहा है कि सरकार एक लाख नौजवानों को रोजगार देने की बात कर रही है और नौकरियों में 15-15 लाख रुपयों के भ्रष्टाचार के बाद ऐसी परीक्षायें जो भ्रष्टाचार को समर्पित है, उक्त गठजोड़ के माध्यम से हो रही हैं। अभ्यर्थियों का चयन पहले ही हो रहा है और होनहार बालक-बालिका अपने अधिकार से वंचित होकर घोटाले और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। मिश्रा ने कहा कि मप्र में चार माह बाद होने जा रहे विधानसभा के चुनाव मप्र की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले साबित होंगे, क्योंकि यहां जनता को फैसला एक विजन वाले नेता और टेलीविजन वाले नेता के बीच करना है। जहां तक टेलीविजन वाले नेता का प्रश्न है उनके चेहरे को भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी अस्वीकार कर चुका है। मप्र की जनता उन्हें क्यों? कैसे? और किसलिए स्वीकार करेगी। जिस तरह भाजपा, नाराज, महाराज और शिवराज के गुटों में बंटी हुई है, उसे देखते हुए तो लग रहा है कि भाजपा मप्र में 50 सीटों पर ही सिमट रही है। मप्र 4 लाख 30 हजार करोड़ के कर्जबोझ के तले दबा हुआ है। मुख्यमंत्री खाली खजाने के बावजूद भी निरंतर झूठी घोषणाओं का कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्हें मालूम है कि चार माह बाद उनकी सम्मान जनक ढंग से विदाई होगी। लिहाजा, इस दौर में जितना झूठ बोलना है बोल लीजिए। हमारी मुख्यमंत्री से मांग है कि विकास यात्रा के दौरान एक श्वेत पत्र जारी करें और बताएं कि इतना भारी भरकम कर्ज लेने के बावजूद भी किस-किस विकास कार्य पर कितना खर्च हुआ और उस करोड़ो रुपयों के कर्ज में 50 प्रतिशत कमीशन खाने वाले कौन-कौन शामिल है। मिश्रा ने 12 अगस्त को सागर पधार रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से कहा था कि न खाउंगा न खाने दूंगा, भ्रष्टाचार को लेकर वे दो दिन पूर्व भी बोले हैं, किंतु मप्र को विश्व में कलंकित करने वाले 90 अरब रुपए के भ्रष्टाचार से संबंधित व्यापमं, सिंहस्थ, डम्पर, 18 सालों में हुये अरबों रुपए के भ्रष्टाचार, ध्वस्त बांध, तालाबों, सड़कों के निर्माणों, पटवारी भर्ती घोटाले, भ्रष्टाचार के प्रमाणों को नष्ट करने के लिए सतपुड़ा भवन में लगी प्रायोजित आग, महाकाल लोक में उन्हीं के हाथों हुए लोकापर्ण के दौरान हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार पर अब तक खामोश क्यों हैं। सागर में उस पर स्पष्ट रूप से कुछ कहें, ताकि उनकी कथनी और करनी का अंतर स्पष्ट हो सके। कांग्रेस पार्टी कमलनाथ के नेतृत्व में यह चुनाव जनता के मुद्दों पर लड़ेगी। कांग्रेस पार्टी नारी सम्मान योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 और 500 में गैस सिलेंडर प्रदान करेगी। कांग्रेस सरकार बनने पर 100 यूनिट बिजली माफ और 200 यूनिट बिजली हाफ दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। कांग्रेस की सरकार किसानों की कर्ज माफी करेगी और पुरानी पेंशन योजना फिर से शुरू करेगी।

# संत रविदास ने भारतीय संस्कृति और समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया : शिवराज



**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को सागर जिले के बड़तूमा में बन रहे संत रविदास मंदिर के निर्माण स्थल के अवलोकन के बाद ढाना ग्राम में आगामी 12 अगस्त को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, मंत्री गोपाल भार्गव, मंत्री भूपेंद्र सिंह, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक द्वय शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया, राजेंद्र मोकलपुर, महापौर संगीता तिवारी, गौरव सिरोठिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सभा स्थल के मंच, हैलीपैड, डोम का अवलोकन कर अन्य सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास ने भारतीय संस्कृति और समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। वे परिश्रम से जो भी अर्जित करते थे, उसे संत सेवा और समाज को अर्पित कर देते थे। कई राजा और मीराबाई भी उनके शिष्य थी। संत रविदास वास्तव में सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। मैंने सागर में विगत 8 फरवरी को संत रविदास मंदिर की योजना को भव्य रूप देकर निर्माण कराने की घोषणा की थी। जिसके परिप्रेक्ष्य में अब भव्य और अलौकिक मंदिर बनेगा। सभा स्थल पर सभी तैयारियां पूरी हो गई है। जिले का प्रत्येक नागरिक सौभाग्यशाली है कि जिले की भूमि पर मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के लिए वैश्विक नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 अगस्त को आगमन हो रहा है। मंदिर नागर शैली में 10000 वर्ग फुट में बनेगा। इंटरप्रिटेशन म्यूजियम बनेगा। संस्कृति और रचनात्मक के साथ संत रविदास के कृतित्व व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने वाला संग्रहालय भी बनेगा। संग्रहालय में चार गैलरी बनेगी, जिनमें भक्ति मार्ग, निर्गुण पंथ में योगदान, संत जी का दर्शन और उनके साहित्य, समरसता का विवरण भी रहेगा। लाइब्रेरी के अलावा संगत हाल, जल कुंड, भक्त निवास भी बनेगा, जो अध्यात्मिक सुविधाओं से युक्त होगा। भक्त निवास में देश विदेश से संत रविदास के अनुयायी और अध्येता आएंगे, जिन्हें संत जी के जीवन से प्रेरणा मिलेगी। 15000 वर्गफुट में भोजनालय का निर्माण होगा। मंदिर में दो भव्य प्रवेश द्वार होंगे, सीसीटीवी कैमरे और लाइटिंग की व्यवस्था भी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि संत रविदास का मंदिर और कला संग्रहालय भव्य होगा, जो श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व स्थल होगा। सभा स्थल के अवलोकन के बाद मुख्यमंत्री हैलीकॉप्टर से भोपाल के लिए रवाना हो गए।

# तस्करी करते हुए युवाओं ने पकड़ा गांजा, किया पुलिस के हवाले



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन क्षेत्र में अवैध शराब के साथ गांजा का कारोबार जमकर फलफूल रहा है सेमरा लोधी गांव के लोगो ने गांजा तस्करी कर रहे युवक को रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसके घर से बड़ी मात्रा गांजा पकड़े जाने की खबर है। ग्रामीण व्यक्ति द्वारा बताया गया कि मोटरसाइकिल से 2 किलो का पैकिट लेकर जा सप्लाई करने जा रहा था जिसे पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर पकडवा दिया उसके बाद आरोपी के घर से पुलिस ने एक बोरा गांजा बरामद किया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने गांजा पकड़ा जाने की बात की पुष्टि करते कहा कि अभी मौके पर कार्यवाही चल रही है अभी मामला थाने नहीं आया हैं। समाचार लिखे जाने तक कायमी नहीं हो सकी। ज्ञात है कि पिछले दिनों सेमरा लोधी गांव के अनेक लोगो ने अवैध शराब और गांजा का गांव में विरोध करते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। गांव में शराब और गांजा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था। गांव में कोई नशे कारोबार नहीं करेगा।

# कांग्रेस ने संत रविदास को उपेक्षित रखा, भाजपा सरकार उनका सबसे बड़ा मंदिर बनवा रही: भूपेंद्र सिंह



**बांदरी, देशबन्धु।** कांग्रेस ने अपने 60 साल के शासनकाल में हमारे भगवानों, संतों, ऋषियों, महापुरुषों के मंदिर और स्मारक नहीं बनाए। इसके बजाए कांग्रेस अपने नेहरू गांधी परिवार के स्मारक और प्रतिमाएं बनाने में लगी रही। हमारे धर्म संस्कृति से जुड़े मंदिर और स्मारक भाजपा की सरकार ने बनाए हैं। इसी कड़ी में सागर के बड़तूमा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 101 करोड़ की लागत से 12 एकड़ में बन रहे दुनिया के सबसे विशाल और भव्य संत रविदास मंदिर का भूमिपूजन करने आ रहे हैं। इस उद्गार के साथ मंत्री भूपेंद्र सिंह ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से समारोह में चलने का न्यौता दिया। मंत्री श्री सिंह ने कहा बांदरी और खुरई क्षेत्र पिछले सात सालों में पूरी तरह बदल गया। यहां का विकास देख कर लोग कहते हैं कि हमने तो ऐसी कल्पना भी नहीं की थी। समरसता यात्रा सभा के दौरान बांदरी में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 3 करोड़ की लागत के विभिन्न सीसी रोडों का भूमिपूजन किया। बांदरी में 2 करोड़ की लागत से सागर रोड से मालथौन बायपास एवं खुरई बायपास तक विद्युतीकरण और विभिन्न स्थानों पर पोल विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया। 1.89 करोड़ की लागत से सागर रोड से खुरई बायपास एवं खुरई बायपास तक पेवर ब्लाक और वार्ड क्र.15 में टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री सिंह ने आमसभा में जानकारी दी कि पहरगुवां रोड पर बन रहे 38 करोड़ की लागत के सीएम राईज स्कूल के साथ स्टेडियम निर्माण के लिए 2.5 एकड़ वनभूमि को बांदरी नगर परिषद को हस्तांतरित कर दिया गया है।

# 32 पशु शहर से बाहर शिफ्ट किये

**सागर, देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। गुरूवार को सहा. आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में पंतनगर से 22 पशु, सिविल लाईन, तहसीली एवं तिली क्षेत्र 10 आवारा पशुओं को नगर निगम के वाहन द्वारा शहर से बाहर शिफ्ट किया गया। कार्यवाही के दौरान पंतनगर वार्ड से पप्पू उर्फ वीरेन्द्र व्यास की डेयरी के 22 पशु पगारा गांव, हरीओम मुड़ोतिया के 2 पशु झीकनी गांव एवं सिविल लाईन तहसीली एवं तिली क्षेत्र से 10 आवारा पशुओं को नगर निगम के वाहन द्वारा शहर से बाहर शिफ्ट किया गया। कुल 32 पशु शहर से बाहर शिफ्ट किये गये। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया एवं दल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# मामूली बुखार के चलते महिला ने चंद मिनटों में दम तोड़ा

## मृतिका के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही पूर्वक इलाज करने के आरोप लगाये

**देवरीकलां, देशबन्धु।** नगर में संचालित निजी क्लिनिको पर डॉक्टर की लापरवाही और गलत इलाज के चलते मरीजों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बुधवार की शाम को बस स्टैंड के पास स्थित डॉ. सौमित्र गोस्वामी कि निजी क्लीनिक का है। जहां गलत इलाज के चलते महज मामूली बुखार के चलते एक महिला ने चंद मिनटों में दम तोड़ दिया। मृतिका के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही पूर्वक इलाज करने का आरोप लगाते हुए पैनल पोस्टमार्टम करने मांग करते हुए डॉक्टर कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल देवरी पुलिस थाने में मृतिका के पति की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है वही शव को बीएमसी मे पैनल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्राम कंजेरा निवासी पति ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि उनकी पत्नी अरुणा तिवारी उम्र 37 साल को बुखार आने की शिकायत पर शाम करीब 5 बजे बस स्टैंड स्थित डॉ. सौमित्र गोस्वामी के यहां इलाज कराने के लिए ले गए जहां उन्होंने जांच करके कुछ गोलियां खिलाई और कहा कि खून की जांच की रिपोर्ट लेकर आना। जब वह खून जांच की रिपोर्ट लेकर पहुंचे तो उन्होंने कहा कि तुम्हारी पत्नी को बुखार है और उन्हें बोतल चढ़ाना पड़ेगी शाम को क्लीनिक लेकर आओ जब करीब 7 बजे डॉ. गोस्वामी की क्लीनिक पर पहुंचे तो उन्होंने एक बोतल चढ़ाई और उनमें 3 इंजेक्शन मिलाये और एक इंजेक्शन बाहर के अशोक मेडिकल से लाने के लिए कहा वह इंजेक्शन लेकर आए जो उन्होंने उसी बाटल में भर दिया। उस समय उनकी पत्नी बातचीत कर रही थी साथ में उनके बच्चे को लैट्रिन आने पर वह पेट्रोल पंप पर रिश्तेदार के यहां ले गए और जब 15-20 मिनट बाद लौटकर डॉ. गोस्वामी की क्लीनिक पहुंचे तो वहां भीड़ लगी हुई थी मैंने पूछा कि मेरी पत्नी कहां पर है तो वहां मौजूद मरीजों ने बताया कि डॉ. गोस्वामी स्वयं सरकारी अस्पताल लेकर गए हैं। जब सरकारी अस्पताल पहुंचे तो उनकी पत्नी अरुणा तिवारी स्ट्रेचर पर पड़ी थी वहां मैंने डॉक्टर से पूछा तो उन्होंने बताया कि वह मृत हो चुकी हैं। मृतका के पति का आरोप है कि डॉक्टर के गलत इलाज के कारण उनकी पत्नी की मौत हुई है जिसकी सूक्ष्मता से जांच की जाना चाहिए। मृतिका का के देवर मुकेश तिवारी का आरोप लगाया है कि उनकी भाभी की मौत डॉ. सुमित्रा गोस्वामी की लापरवाही पूर्व इलाज करने से हुई है।

> महिला अरुणा तिवारी की मौत कार्डिया अटैक है। महिला के साथ अटेंडर ना होने के कारण हम सरकारी अस्पताल लेकर गए थे। जहां अस्पताल के डॉक्टर ने मृत घोषित बताया।
>
> **-डॉ. सौमित्र गोस्वामी**

> पुलिस ने डॉ. सौमित्र गोस्वामी क्लीनिक को सील कर दिया है एवं इलाज के कारण हुई महिला की मौत के मामले में पैनल डॉक्टर द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। पति की रिपोर्ट पर मर्ग कायम किया गया है एवं बिसरा प्रजर्व कर जांच के लिए भेजा जाएगा। मामले में वैधानिक जांच की जा रही है और जो भी साक्ष्य आएंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-निशांत भगत, उप निरीक्षक पुलिस थाना देवरी**

# मालवाहक पलटने से 19 यात्री घायल



**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी रहली मार्ग पर डोंगर सलैया कुसमी चौराहे पर मालवाहक छोटा हाथी वाहन अचानक पलट गया जिसमें सवार करीब 35 यात्रियों में से 19 यात्री घायल हो गए हैं। घायलों में सबसे अधिक महिलाएं शामिल हैं। सभी लोग बेडार से तेंदूखेड़ा के पास ग्राम लकलका तेरहवी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शी गीताबाई ने बताया कि मालवाहक वहां में 35 से अधिक सवारियां भरी हुई थी। जिसमें महिलाएं और छोटे-बच्चे शामिल थे। मालवाहक का चालक एक हाथ से मोबाइल पर बात कर रहा था और तेज रफ्तार से वाहन चल रहा था जिस कारण वाहन पलट गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस और डायल हंड्रेड ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को देवरी की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया जहा 19 लोगों को हाथ, पैर, सिर और छाती में चोटें पहुंची हैं। तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं शेष लोगों को मामूली चोटें पहुंची हैं। मालवाहक में बड़ी संख्या में छोटे-छोटे मासूम बच्चे भी थे जो बाल बाल बच गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। वही मालवाहक चालक लालू शर्मा घटना के बाद भाग कर गायब हो गया है।

# ईश्वर भक्ति में हीं मानव कल्याण संभव है: नारायणदास निरंकारी

**सागर, देशबन्धु।** सिंधी धर्मशाला में झूलेलाल चालीसा महा महोत्सव के उपलक्ष में समस्त महिला संगत मंडल द्वारा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से विशाल निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन झूलेलाल चालीसा के अवसर पर किया गया। निरंकारी सत्संग की अध्यक्षता सागर जोनल इंचार्ज नारायण दास निरंकारी ने की और कहा सभी अपने जीवन में सुख शांति पाना चाहते हैं लेकिन संसार के भौतिक वस्तु को पाकर कभी भी सुख शांति की प्राप्ति नही हो सकती है, जो मानव प्राणी में सत्संग में आकर संत सतगुरु का उपदेश व आदेश का पालन करते हैं, उनके ही जीवन में सुख शांति प्राप्त होती है। जबकि इस धरातल पर बिना गुरू का मनुष्य में मनुष्यता हो हीं नहीं सकती। ईश्वर भक्ति में हीं मानव कल्याण संभव है। मनुष्य शरीर कि सार्थकता और सफलता ईश्वर भक्ति में है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की गाड़ी का हुआ एक्सीडेंट ड्राइवर गंभीर रूप से घायल

**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा सागर रोड पर बण्डा थाना अंतर्गत 14 मील के पास महिला एवं बाल विकास कार्यालय में लगी बोलेरो गाडी की सागर तरफ से आ रहा ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बोलेरो गाड़ी के ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी साधना तिवारी जो की सागर से बण्डा के लिए प्रतिदिन अपडाउन करती हैं जिनको लेने के लिए महिला बाल विकास कार्यालय में लगी गाड़ी बण्डा से सागर जा रही थी तभी अचानक 14 मील के पास ट्रक की टक्कर में बोलोरो गाड़ी में बैठे ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई घायल राकेश यादव को लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बण्डा लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर सागर रेफर किया गया।

# जिला पुनर्वास केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ



**सागर, देशबन्धु।** स्वस्थ मन स्वस्थ तन अभियान के चतुर्थ चरण में वृद्धावस्था में होने वाली शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक समस्याओं के बारे में आनंद आश्रम एवं जिला पुनर्वास केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के मनोरोग विभाग द्वारा किया गया। जिसमें विशेष रूप से उपस्थित सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी द्वारा वृद्ध अवस्था में होने वाली मानसिक समस्याएं जैसे डिमेंशिया, डिप्रेशन, चिंता, अकेलापन, नींद न आना वह उचित देखभाल न मिल पाना आदि समस्याओं पर चर्चा की गई। डॉ. आदित्य दुबे मनोचिकित्सक द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार एवं परामर्श दिया।

# जिला शहर कांग्रेस का प्रदर्शन: बीएमसी की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री, विधायक, विभागीय मंत्री और डीन का पुतला फूंका



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और मरीजों के इलाज में हो रहीं अव्यवस्थाओ के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के नेतृत्व में गुरुवार को बीएमसी में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मप्र सरकार और बीएमसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई। अटल पार्क से हजारों कांग्रेस जनों का विशाल जुलूस आरंभ होकर मेडिकल कालेज की तरफ बढ़ा, मेडिकल कालेज के मुख्यद्वार पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी का पुतला जलाया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान राजकुमार पचौरी ने कहा कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में मरीजों की दुर्दशा हो रही है। यहां ना तो मरीजों को समय पर इलाज मिलता है और ना ही डॉक्टर। बीएमसी प्रबंधन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है। चहेतों को टेंडर देने के लिए री टेंडर और कमीशन का खेल चल रहा है। बीएमसी के डॉक्टर खुद भर्तियों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। जिसमें पैसे लेकर पदोन्नति और नई भर्तियां की जा रही हैं। इसके अलावा बीएमसी में फायर उपकरणों के नाम पर दो करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। जिसमें पुरानी लाइनों को ठीक कर नई लाइन का बिल लगाया गया। स्मोक डिटेकटर ऐसे हैं जो धुंआ होने पर भी आवाज नहीं करते। बीएमसी के डॉक्टर अस्पताल के मरीजों को अपनी प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती करा रहे हैं और यहां हमेशा दवाओं का टोटा रहता है। मेडिकल कालेज संगठित भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। डीन अपना निजी अस्पताल चलाते है। जो नियम विरुद्ध है। यह छह साल से यही जमे है। मेडिकल कालेज में सी टी स्केन के लिए मरीजों को बाहर भेजा जाता है। बर्न वार्ड में गंदे बिस्तरों के कारण मरीज इन्फेक्शन का शिकार हों रहे है। लिफ्ट में भ्रष्टाचार है एक ही व्यक्ति खरीदी कमेटी में है और स्टोर का प्रभारी भी वही है। आयुष्मान योजना के पैसो का दूरप्रयोग हों रहा है। इस अवसर पर प्रभारी अंजुसिंह बघेल, मुकुल पुरोहित, रेखा चौधरी, सुनील जैन, चक्रेश सिंघई, डॉ. संदीप सबलोक, अभिषेक गौर, आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, सुरेंद्र चौबे, रमाकांत यादव, प्रदीप गुप्ता, प्रभात जैन, सिंटू कटारे, चैतन्य कृष्ण पाण्डेय सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।